उज्जैन
शुक्रवार
19
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-226
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



10-15 करोड़ में शेख के साथ सोने का सोचूंगी, विवादित बयान पर फंसी अपूर्वा मखीजा, यूजर ने रेट लगाए तो इन्फ्लूएंसर ने सिखाया सबक

## इजराइल अलग-थलग पड़ा, कोई भी उन्हें पसंद नहीं करता



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ हुए समझौते की आलोचना कर रहे इजराइली नेताओं पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस डील का विरोध कर रहे हैं, उन्हें जमीनी हकीकत को समझना चाहिए। पत्रकारों से बातचीत में वेंस ने कहा कि अगर वह प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार का हिस्सा होते, तो दुनिया में अपने सबसे बड़े और ताकतवर सहयोगी अमेरिका पर इस तरह सवाल नहीं उठाते। वेंस ने कहा, इस समय पूरी दुनिया में डोनाल्ड ट्रम्प ही ऐसे नेता हैं जो इजराइल के प्रति सबसे ज्यादा सहानुभूति रखते हैं। उन्होंने इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर और वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच की आलोचना करते हुए कहा कि सिर्फ सैन्य कार्रवाई से हर समस्या का समाधान नहीं निकाला जा सकता।

## होर्मुज खुला, लेकिन सिर्फ 60 दिन फ्री रहेगा, अमेरिका 28 लाख करोड़ देगा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान ने जंग खत्म करने के समझौते के मसौदे पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने बुधवार देर रात डिजिटल हस्ताक्षर किए, जिसके साथ ही यह समझौता लागू हो गया। इस डील से जुड़े एक अमेरिकी अधिकारी ने बुधवार को रिपोर्टरों के साथ हुई एक कॉन्फ्रेंस कॉल में 14 पॉइंट्स वाली डील की पूरी जानकारी दी है। 800 शब्दों वाले डेढ़ पन्ने के इस दस्तावेज में होर्मुज को सिर्फ 60 दिनों के लिए मुफ्त खोले जाने की बात कही गई है। डील में ईरान ने परमाणु हथियार नहीं बनाने का भरोसा दिया है, जबकि ईरान के पुनर्निर्माण के लिए 300 अरब डॉलर (28 लाख करोड़ रुपए) के फंड की योजना पर भी सहमति बनी है। अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर यह जानकारी दी।

## राम मंदिर के बेईमानों को 7 वंश तक श्राप लगेगा



**अयोध्या।** चंपत राय श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के कर्ता-धर्ता हैं। चंपत राय की निष्ठा पर सवाल नहीं उठाऊंगा। वह पिछले 35 सालों से मंदिर आंदोलन से जुड़े हुए हैं। लेकिन निगरानी में कमी की है। चढ़ावे में बेईमानी करने वालों को 7 वंश तक श्राप लगेगा। ये बातें अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में पूर्व आईएएस नृपेंद्र मिश्रा ने एक मीडिया हाउस से बातचीत में कही। राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा ने कड़ी चेतावनी दी है कि मंदिर के चढ़ावे में बेईमानी करने वालों को 7 वंश तक श्राप लगेगा और उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

## कोलकाता- योग दिवस के लिए रेड रोड 7 दिन तक बंद

**कोलकाता।** कोलकाता के रेड रोड पर 21 जून को योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम होना है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। इसकी तैयारियों के लिए 14 जून से रेड रोड बंद है। इसके खिलाफ ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में कहा गया कि सड़क बंद होने से वकीलों और आम लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। सुनवाई के दौरान जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि रेड रोड बंद रहने तक लोगों के लिए वैकल्पिक रास्तों का इंतजाम करें। साथ ही कार्यक्रम खत्म होने के बाद तुरंत ही सड़क खोला जाए। याचिकाकर्ताओं की ओर से सीनियर वकील विकास रंजन भट्टाचार्य ने कहा- पूरी सड़क बंद करने के बजाय उसका एक हिस्सा खुला रखा जा सकता था। इससे लोगों को लंबा रास्ता तय नहीं करना पड़ता।

## हमने 25 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकाले : पीएम मोदी



**पेरिस/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आज मैं ऐसे समय में फ्रांस आया हूं, जब कुछ दिन पहले ही हमारी पार्टनरशिप के 12 साल पूरे हुए हैं। मोदी ने कहा- 12 साल तक देश की सेवा करना मेरे जीवन का बहुत बड़ा सौभाग्य रहा है। ये भारत के लोकतंत्र की शक्ति है, जिसने एक चायवाले को यहां तक पहुंचा दिया। पीएम ने कहा- 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यानी एक ऐसी प्रगति, जिसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। फ्रांस में आज जितने कुल घर हैं, उससे ज्यादा घर हमने भारत में जरूरतमंद लोगों को लिए बनाए हैं।

## दिल्ली के द्वारका में नमकीन फैक्ट्री में आग लगी, 8 दमकल गाड़ियों ने काबू पाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका स्थित नंद विहार में शुक्रवार सुबह एक नमकीन फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, सेक्टर-16अ में द्वारका मेट्रो स्टेशन के पास स्थित फैक्ट्री में रात करीब 1 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। आग फैक्ट्री के टिन शेड वाले हिस्से में फैल गई थी। इसे बुझाने के लिए 8 दमकल गाड़ियां लगाई गईं। दमकल कर्मियों ने करीब 1:40 बजे आग पर काबू पा लिया। इसके बाद सुबह 3:30 बजे तक कूलिंग का काम चलता रहा।

# नीट 21 जून को, एमपी के सेंटर्स पर जैमर-सीसीटीवी लगेंगे

## भोपाल में कुल 13 हजार 774 स्टूडेंट्स परीक्षा देंगे, गेट पर लगेगी बड़ी घड़ी, भोपाल, इंदौर और रतलाम के बीच स्पेशल ट्रेन चलेंगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट-यूजी) 21 जून को है। परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रदेश के सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और जैमर लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही स्टूडेंट्स को समय का सही अंदाजा रहे, इसके लिए हर सेंटर के बाहर एक बड़ी घड़ी लगाई जाएगी।

भोपाल में कुल 13 हजार 774 स्टूडेंट्स परीक्षा देंगे। इसे लेकर जिला प्रशासन, पुलिस के साथ रेलवे भी तैयारी कर रहा है। 32 केंद्र प्रभारियों के साथ कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने गुरुवार को वन-टू-वन मीटिंग की। इसमें बताया गया कि कई बार दो से तीन सेंटरों के




नाम एक जैसे होते हैं, जिससे परीक्षार्थी कन्फ्यूज हो जाते हैं। इसलिए उन्हें केंद्र का नाम और स्थान क्लियर रखें। हमीदिया रोड पर जो सेंटर हैं, उसके रास्ते में लोग गाड़ियां खड़ी कर देते हैं। इस वजह से स्टूडेंट्स को देरी हो सकती है। इसलिए पुलिस गाड़ियों को तुरंत हटा दें। पुराने शहर में मेट्रो का काम चल रहा है। बैरिकेडिंग में सेंटर का नाम छिप सकता है। इसलिए सेंटर की ओर रास्ता दिखाने वाले बोर्ड लगेंगे।



### भोपाल में 13 हजार 774 छात्र देंगे परीक्षा

भोपाल में 13 हजार 774, छिंदवाड़ा 4303, गुना में 1839, विदिशा में 1709, नर्मदापुरम में 1283 और अशोकनगर में 865 परीक्षार्थियों के आने की संभावना है।

- रेलवे इंदौर, भोपाल और रतलाम के बीच एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाएगा। यह स्पेशल ट्रेन इंदौर एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों से भोपाल आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में सुविधा प्रदान करेगी।
- गाड़ी संख्या 09354 इंदौर-भोपाल स्पेशल ट्रेन का संचालन 20 जून को किया जाएगा। ट्रेन इंदौर स्टेशन से सुबह 11.25 बजे प्रस्थान कर फतेहाबाद में दोपहर 12 बजे, बड़नगर में दोपहर 12.42 बजे, रतलाम में 1.30 बजे, नागदा में दोपहर 2.23 बजे, उज्जैन में दोपहर 3.25 बजे, मक्सी में शाम 4.30 बजे, शुजालपुर में शाम 5.21 बजे, सीहोर में शाम 6 बजे, बैरागढ़ स्टेशन पर शाम 6.18 बजे और शाम 5 बजे भोपाल स्टेशन पर पहुंचेंगी।
- इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 09353 भोपालझ्ररतलाम स्पेशल ट्रेन 20 जून 2026 को भोपाल स्टेशन से शाम 7.40 बजे प्रस्थान कर संत हिरदाराम नगर में रात 8.08 बजे, सीहोर में रात 8.34 बजे, शुजालपुर में रात 8.59 बजे, मक्सी में रात 9.59 बजे, उज्जैन में रात 11.05 बजे एवं अगले दिन नागदा रात 12.05 बजे आगमन कर गंतव्य स्टेशन रतलाम रात 12.55 बजे पहुंचेगी।

### मोबाइल पर बात करते हुए ऊपर चौथी मंजिल पर गई थी, गिरने से

# नीट की तैयारी कर रही छात्रा की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर के न्यू बर्ग कॉलोनी क्षेत्र में नीट की तैयारी कर रही एक छात्रा की चौथी मंजिल से गिरने के बाद मौत हो गई। घटना गुरुवार देर रात की है। गंभीर हालत में उसे पहले निजी अस्पताल और फिर एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक मृतका अवंतिका पुत्री डॉ. बंशीलाल मोर्य थी। वह न्यू बर्ग कॉलोनी की एक निजी बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर किराए से रहती थी। गुरुवार रात करीब 11:30 बजे वह मोबाइल पर बात करते हुए बालकनी में थी। इसके बाद वह बात करते हुए ऊपर की ओर चली गई।

बताया जा रहा है कि चौथी मंजिल पर पहुंचने के बाद वह अचानक नीचे गिर गई। तेज आवाज सुनकर बिल्डिंग में रहने वाले लोग बाहर आए और परिजनों को सूचना दी।



### अस्पताल ले गए, नहीं बच सकी

घटना के बाद पिता डॉ. बंशीलाल मोर्य उसे गंभीर हालत में जूपिटर अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### बड़ी बहन के साथ रहती थी

अवंतिका इंदौर में अपनी बड़ी बहन के साथ रह रही थी और मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी कर रही थी। उसकी बड़ी बहन डॉक्टर है। वहीं पिता डॉ. बंशीलाल मोर्य भी चिकित्सक हैं।

- **पांच दिन पहले ही इंदौर आए थे पिता-** परिवार मूल रूप से धार जिले का रहने वाला है। डॉ. बंशीलाल मोर्य की एमवाय अस्पताल में ट्रेनिंग चल रही है। इसी कारण वे करीब पांच दिन पहले ही इंदौर आए थे। पिता ने पुलिस को बताया कि घटना के समय वे फ्लैट के अंदर थे। अवंतिका किन परिस्थितियों में गिरी, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। वह मोबाइल पर किससे बात कर रही थी, यह भी स्पष्ट नहीं हो सका है।
- **कॉल डिटेल और परिस्थितियों की जांच-** पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि छात्रा के मोबाइल की जांच, कॉल डिटेल और घटनास्थल की परिस्थितियों के आधार पर पूरे मामले की पड़ताल की जाएगी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह हादसा था या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

### मुंडन संस्कार से लौटते वक्त हादसा

## खाई में गिरी बोलेरो गाड़ी, 7 की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ चंबा**



हिमाचल प्रदेश के चंबा-मसरूंड मार्ग पर सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। इनमें मेहल गांव के एक ही परिवार के छह लोग शामिल हैं, जबकि सातवां मृतक ड्राइवर था। पुलिस ने सभी के शवों को खाई से निकाल कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सूचना के अनुसार, गाड़ी में सवार सभी लोग काकड़ोथा गांव से मुंडन संस्कार में शामिल होकर बुधवार रात को घर लौट रहे थे। इस दौरान इनकी बोलेरो अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। बताया जा रहा है कि सड़क से गाड़ी लगभग 1200 फीट नीचे गिरी। इससे गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में मेहल गांव के चुनी लाल (65) पुत्र परस राम, देवी लाल (62) पुत्र परस राम, बबली देवी (45) पत्नी मोती राम, मोती राम (45) पुत्र परस राम, अनिता कुमारी (20) पुत्री धर्मसिंह, कुंता देवी (53) पत्नी कर्म सिंह और धरो गांव के मनोहर लाल (34) की मौत हो गई। दो सगे भाई और पति-पत्नी भी शामिल है। आधी रात में हादसे की वजह से किसी को इसकी भनक नहीं लगी। सुबह के वक्त पुलिस को जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य में जुटी। मगर तब तक सभी लोगों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने आज सुबह घटनास्थल पर जुटे स्थानीय लोगों की मदद से खाई से शवों को सड़क तक पहुंचाया।

**मृतकों में एक ही परिवार के 6 लोग शामिल**

## एयरफोर्स अफसर की पत्नी से रेप मामले में मौलाना गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नागपुर**

नागपुर में एयरफोर्स अफसर की पत्नी से रेप, काला जादू और जबरन धर्मांतरण मामले में एक मौलाना को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 24 साल की महिला ने 12 जून एफआईआर में आरोप लगाया था कि उसे नशीला पदार्थ देकर रेप और ब्लैकमेल किया गया।

फिर जबरन शादी और धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया। हजरत नाम के मौलाना पर महिला के ऊपर काला जादू और धर्मांतरण करने का आरोप है। आरोपी मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के तामिया का रहने वाला है। मौलाना की तलाश में कई टीमें लगाई गई थीं। दबाव बढ़ने पर बुधवार रात उसने सरेंडर कर दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड मांगा जाएगा। मामले में 26 साल का अय्याज मदारे और उसका 30 साल का दोस्त आमीन शेख भी आरोपी हैं। अय्याज और उसका दोस्त 21 जून तक पुलिस कस्टडी में हैं। अय्याज महिला का पूर्व क्लासमेट है। पुलिस के अनुसार, महिला ने यह पूरा मामला अपने पति से छिपाकर रखा था। लेकिन जब पति के सामने धमकी भरे फोन आने लगे तब उसने पूरी सच्चाई बताई।

## राज्यसभा चुनाव- झारखंड में क्रॉस वोटिंग, कांग्रेस उम्मीदवार की हार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

12 राज्यों की 26 राज्यसभा सीटों के लिए गुरुवार को चुनाव प्रक्रिया पूरी हो गई। इनमें से 19 सीटें एनडीए को, इंडिया ब्लॉक को 6 और एक सीट मिजोरम की जोराम पीपुल्स मूवमेंट को मिली। इस चुनाव में एनडीए और इंडिया ब्लॉक को एक-एक सीट का फायदा हुआ। 23 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। गुरुवार को झारखंड की 2 और मिजोरम की एक राज्यसभा सीटों के रिजल्ट आए।

# सिंहस्थ-2028 को भव्य बनाने की मुहिम तेज

## संभागायुक्त की रणनीति और कलेक्टर की सतत मॉनिटरिंग से रफ्तार पकड़ रहे विकास कार्य

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

विश्व प्रसिद्ध सिंहस्थ-2028 को दिव्य, भव्य, सुरक्षित और सुव्यवस्थित स्वरूप देने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां लगातार गति पकड़ रही हैं। एक ओर संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह समग्र कार्ययोजना, विभिन्न विभागों के समन्वय, योजनाओं की समीक्षा तथा सिंहस्थ से जुड़े विकास कार्यों की रणनीतिक मॉनिटरिंग में जुटे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर कलेक्टर रोशन कुमार सिंह स्वयं दिन-रात मैदानी स्तर पर पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर उन्हें समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए सतत प्रयासरत हैं। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों की सक्रिय कार्यशैली के चलते सिंहस्थ-2028 की तैयारियां अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी हैं।

संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह लगातार विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें आयोजित कर सिंहस्थ की व्यापक कार्ययोजना को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। वे अधोसंरचना विकास, यातायात व्यवस्था, घाटों का विस्तार, सड़क निर्माण, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, सुरक्षा, पार्किंग, आवासीय व्यवस्थाओं सहित विभिन्न परियोजनाओं की नियमित समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। उनका विशेष जोर इस बात पर है कि सिंहस्थ केवल एक धार्मिक आयोजन न होकर उज्जैन के दीर्घकालीन विकास का भी आधार बने। वहीं कलेक्टर रोशन कुमार सिंह प्रशासनिक अमले के साथ लगातार फील्ड में सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। दिन हो, शाम हो, देर रात या फिर अलसुबह–वे निमार्णाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और समय-सीमा का जायजा ले रहे हैं। कई बार वे अचानक निर्माण स्थलों पर पहुंचकर अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों से सीधे चर्चा करते हैं तथा जहां भी कार्यों में किसी प्रकार की कमी या धीमी गति दिखाई देती है, वहां तत्काल सुधार के निर्देश देते हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क निर्माण, पुल-पुलियाओं का निर्माण, घाटों का उन्नयन, ड्रेनेज, सीवरेज, पेयजल, विद्युत, सौंदर्यीकरण तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है।

## अमेरिकी हमले में जान गंवाने वाले आदित्य पंचतत्व में विलीन



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ हमीरपुर**

अमेरिकी हमले में होर्मुज में जान गंवाने वाले हिमाचल प्रदेश के आदित्य शर्मा (23) पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। आदित्य का गुरुवार को उनके पैतृक गांव भालू में अंतिम संस्कार किया गया। आदित्य को चचेरे भाई पार्थ ने उन्हें मुखाग्नि दी। इससे पहले आदित्य की पार्थिव देह को घर पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। जैसे ही बेटे आदित्य शर्मा की पार्थिव देह घर पहुंची तो मां सुषमा लखनपाल बेटे के शव से लिपट गईं। वह, बार-बार बेसुध हो रही हैं। पिता राजेश शर्मा समेत दूसरे परिजनों का भी रो-रो कर बुरा हाल है। क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने आदित्य शर्मा को नम आंखों से अंतिम विदाई दी। इस दौरान आदित्य शर्मा अमर रहे के नारे गूंजे। आदित्य के परिजन बेटे की शादी की तैयारी कर रहे थे। इसलिए, आज बेटे को सेहरा बांधकर अंतिम विदाई दी गई। आदित्य की चचेरी बहने भी पार्थिव देह से लिपट गईं।

### राहुल गांधी का 'छात्रों की गूंज' हस्ताक्षर अभियान

# पेपर लीक, महंगी फीस, बेरोजगारी पर छात्रों की आवाज सरकार तक पहुंचाएंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने को छात्रों की गूंज नाम से देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान पेपर लीक, परीक्षा में गड़बड़ियां, महंगी शिक्षा और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को सरकार तक पहुंचाने का मंच बनेगा। राहुल ने छात्रों से अभियान से जुड़ने, अपने सुझाव देने और याचिका पर हस्ताक्षर करने की अपील की।

राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में अभियान का लिंक शेयर किया। लिखा कि जिन छात्रों के सपने पेपर लीक, परीक्षा संबंधी समस्याओं या बढ़ती फीस की वजह से प्रभावित हुए हैं, उनके लिए यह अभियान एक आवाज बनेगा। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा छात्र इसमें शामिल होंगे तो उनकी मांगें उतनी ही मजबूती से सरकार तक पहुंचेंगी।

राहुल गांधी ने वीडियो मैसेज में कहा- कोटा में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम को देशभर के छात्रों का जबरदस्त समर्थन मिला। लाखों युवाओं ने शिक्षा व्यवस्था पर उनकी प्रेजेंटेशन देखी और अपने विचार साझा किए।

**शिक्षा का बढ़ता खर्च सबसे बड़ी चिंता-** राहुल गांधी ने कहा कि शिक्षा का लगातार बढ़ता खर्च देश के लाखों परिवारों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। लाखों परिवार अपने बच्चों को नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी कराने में भारी रकम खर्च कर रहे हैं। यह स्थिति चिंता का विषय है और इस पर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा होनी चाहिए।




### छात्रों को खुलकर अपने अनुभव और सुझाव सामने रखने चाहिए

उन्होंने कहा कि शिक्षा, रोजगार और परीक्षा प्रणाली से जुड़े मुद्दे किसी एक राजनीतिक दल के नहीं, बल्कि पूरे देश के मुद्दे हैं। इसलिए छात्रों को खुलकर अपने अनुभव और सुझाव सामने रखने चाहिए। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया कि हर साल नीट परीक्षा देने वाले 22 लाख छात्र और उनके परिवार से सिस्टम के जरिए 1.32 लाख करोड़ खर्च कराए जाते हैं। यह रकम देश के पूरे शिक्षा बजट 1.40 लाख करोड़ के लगभग बराबर है। प्रियंका गांधी ने बुधवार रात एक्स पोस्ट में ये भी लिखा- मैं एक बात और जोड़ना चाहती हूं कि भारत सरकार ने अपने पसंदीदा कारोबारियों के जो लोन माफ किए, वे 16 लाख करोड़ रुपए हैं। प्रियंका की यह टिप्पणी राहुल गांधी के कोटा दौरे के बाद आई। राहुल ने बुधवार को छात्रों की गूंज कार्यक्रम के तहत छात्रों से बातचीत में शिक्षा व्यवस्था में बढ़ते दबावों पर चर्चा की थी।



## खबर एक नजर...

### 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' में आज गूंजेंगे सदाबहार गीत

**उज्जैन।** मराठी सीनियर सिटीजन म्यूजिकल ग्रुप 'स्वर संगम' द्वारा 19 जून को कालिदास अकादमी के अभिरंग सभागृह में 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' सांगीतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के इस 50वें कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों द्वारा हिंदी फिल्मों के नए और पुराने सदाबहार गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कालिदास अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे होंगे। वहीं विशेष अतिथि के तौर पर समाजसेविका डॉ. राजश्री जोशी और महाराष्ट्र समाज के अध्यक्ष पंकज चांदोरकर उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि संस्था द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को आत्मिक आनंद प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिमाह ऐसे संगीत कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। स्वर संगम के अध्यक्ष दीपक शेंबेकर, संचालक रविंद्र अयाचित, सह संचालक संजय देशपांडे और कोषाध्यक्ष नितिन देशपांडे ने रसिक श्रोताओं से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर गीतों का आनंद लें और प्रस्तुति देने वाले वरिष्ठ जनों का उत्साहवर्धन करें।

### मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने पर आक्रोश, महिला कांग्रेस ने फूंका पुतला

**उज्जैन।** राज्यसभा चुनाव में सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन कथित तौर पर षड्यंत्रपूर्वक निरस्त किए जाने के विरोध में शहर महिला कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन किया। आक्रोशित महिला कार्यकताओं ने चुनाव आयोग का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस महासचिव सोनिया ठाकुर के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों ने चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिला पदाधिकारियों ने इस घटनाक्रम को एक राजनीतिक षड्यंत्र करार देते हुए इसे महिलाओं का अपमान बताया। पुतला दहन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, रानू घुंघराले, सीमा पटेल, नीलम विश्वास, उषा मालवीय, रश्मि त्रिवेदी, प्रेमलता रामी, मदीना अली, विजेता सोनी, मलिका अली, सबा कुरेशी, इंदिरा नामदेव, सीमा कंसारिया, राजेश राणा, अभिषेक शर्मा, रमेश सांखला, वरुण शर्मा, आनंद मीणा, चैन सिंह चौधरी, दानेश राठी, वीरेंद्र गोसर, कृष्ण यादव, मनोज ठाकुर और हेमंत कोली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महाराणा प्रताप की तरह पराक्रमी व बलशाली बनें बच्चे, नागेश्वर धाम में किया योग

**उज्जैन।** आरोग्य भारती मालवा प्रांत उज्जैन महानगर एवं ग्रामीण इकाई द्वारा महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर नागेश्वर धाम में विश्व योग दिवस मनाया गया। इस दौरान बालक-बालिकाओं को महाराणा प्रताप की तरह पराक्रमी, शौर्यवान और बलशाली बनने का संदेश देते हुए स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। विश्व योग सप्ताह के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में योग शिक्षक विनोद मुंड ने बच्चों को विभिन्न योगासन सिखाए और शरीर को मजबूत व निरोगी रखने के गुर बताए। आरोग्य भारती ग्रामीण के जिलाध्यक्ष एसपी अहिरवार ने बताया कि बाल सभा के माध्यम से बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बाल सभा के अध्यक्ष हरेंद्र पाल सिंह चौहान, मालवा प्रांत के सह सचिव डॉ. दिवाकर पटेल, उज्जैन महानगर के सचिव मनीष अग्रवाल, डॉ. नरेंद्र गोमे और डॉ. दीपक जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने महाराणा प्रताप जयंती चल समारोह का स्वागत किया

**उज्जैन।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह का देवास गेट चौराहे पर तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा मंच लगाकर स्वागत किया गया।

# प्रतिदिन प्रभु भक्ति से होती थी दिनचर्या की शुरूआत, 7 दिन बनाए गए 7 अलग-अलग लीडर

### जैन यूनिटी फोरम की नौ दिवसीय केरल-कन्याकुमारी यात्रा का समापन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

जैन यूनिटी फोरम के संस्थापक अध्यक्ष मनोज सुराणा के नेतृत्व में 'अरिहंत मुस्कान' की नौ दिवसीय केरल से कन्याकुमारी तक की यात्रा का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस दौरान सभी सदस्यों ने आपसी सामंजस्य के साथ प्राकृतिक सौंदर्य और विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन किए।

अंजू मनोज सुराणा ने बताया कि यात्रा की शुरूआत मुंबई की जुहू चौपाटी से हुई। इसके पश्चात दल ने मुन्नार की ऊंची पहाड़ियों, प्राकृतिक झरनों और औषधीय बागानों का भ्रमण किया। थेकड़ी में एलीफेंट बाथ, कथकली और शस्त्रकला प्रदर्शन देखा गया। एलेपी में बोट और स्पीड बोट के माध्यम से प्राकृतिक सौंदर्य निहारा गया। कोवलम में समुद्र तट, कन्याकुमारी में अलौकिक समुद्र दर्शन के साथ ही विशाल भगवान शिव की प्रतिमा के दर्शन किए गए।



दल ने त्रिवेंद्रम स्थित पद्मनाभ स्वामी मंदिर में दर्शन किए और वहां के सबसे बड़े शॉपिंग मॉल तथा झील का भ्रमण किया। बैंगलोर में अल्पाहार के पश्चात दल इंदौर पहुंचा, जहां इंदौर एयरपोर्ट पर विश्व पोहा दिवस के अवसर पर स्वल्पाहार के साथ यात्रा को विराम दिया गया।

यात्रा के दौरान प्रतिदिन दिनचर्या की शुरूआत प्रभु भक्ति से की गई। सभी परिवारों के लिए एक समान ड्रेस कोड निर्धारित था, जो आकर्षण का केंद्र रहा। पूरे टूर में सभी सदस्यों के बीच बेहतर आपसी सामंजस्य देखने को मिला। संपूर्ण यात्रा व्यवस्थाओं के सफल संचालन में ऐश्वर्य सुराणा और माधुर्य सुराणा ने मुख्य भूमिका निभाई।

#### व्यवस्थाओं के लिए बनाए गए थे सात लीडर

इस यात्रा की एक विशेष बात यह रही कि व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए सात दिनों के लिए सात अलग-अलग लीडर तय किए गए थे। इनमें क्रमशः मनोज और अंजू सुराणा, धर्मेंद्र और साधना जैन, संतोष और तारा सालेचा, राजेश और अनीता सोनी, वीरेंद्र और जुली गोलेछा, जिनेश और वर्षा सराफ तथा संजय और नीलू गिरिया शामिल रहे।

यात्रा के दौरान व्यवस्थाओं में ऐश्वर्य सुराणा, माधुर्य सुराणा, जय जैन, कुनिका जैन, कुशिका जैन, ध्रुव गोलेछा, तन्वी गोलेछा, सारव सराफ, मैत्विक सराफ, कविता सालेचा, ऋद्धि सालेचा और सिद्धि सालेचा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### सत्यनारायण कथा और पूर्ण आहुति के साथ भागवत कथा का विश्राम



**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

क्षीरसागर स्थित शेषनारायण मंदिर प्रांगण में अधिक मास के उपलक्ष्य में 17 मई से चल रही संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का बुधवार को समापन हो गया। अंतिम दिन सुबह भगवान सत्यनारायण की कथा और यज्ञ-हवन के बाद भव्य चल समारोह निकालकर कथा व्यास ज्योतिषाचार्य पंडित विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला को विदाई दी गई। एक माह तक चले इस धार्मिक आयोजन में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बुधवार को समापन अवसर पर कथा व्यास पंडित विशाल शुक्ला ने भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला, मथुरा गमन, कंस वध, कुब्जा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध और सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के वात्सल्य और असीम प्रेम का उल्लेख करते हुए वर्तमान समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार और व्यभिचार को दूर कर एक सुंदर समाज निर्माण के लिए श्रद्धालुओं को प्रेरित किया। सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य करने लगे। 17 मई से 15 जून तक चले इस पुरुषोत्तम मास के आयोजन में वेद, पुराण, गीता और श्रीमद् भागवत महापुराण की विस्तृत व्याख्या की गई। अंतिम दिन अनुष्ठान की शुरूआत भगवान सत्यनारायण की कथा के साथ हुई। इसके पश्चात पंडित आर्यन शुक्ला द्वारा विधि-विधान से यज्ञ संपन्न कराकर पूर्ण आहुति कराई गई। श्रद्धालुओं ने महाआरती कर कथा व्यास का तिलक कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों के साथ भव्य विदाई चल समारोह निकाला गया। बग्गी में कथा व्यास सवार थे और मातृशक्ति सिर पर भागवत पोथी धारण कर चल समारोह में शामिल हुईं।

#### इन मार्गो से होकर गुजरी यात्रा

विदाई चल समारोह शेषनारायण मंदिर से शुरू होकर गांधी उद्यान, त्रिमूर्ति टॉकीज, कांग्रेस कार्यालय और मानस भवन होते हुए पुनः मंदिर पहुंचा। यहां प्रसादी वितरण के साथ आयोजन का विधिवत समापन हुआ। चल समारोह में आशुतोष शुक्ला, पिंटू शर्मा, अनिल जैन, राकेश पाठक, राजेश पाठक, विनोद चौकसे, राधेश्याम कोशिशा, आलोक शुक्ला, अमिताभ शुक्ला, पवन शुक्ला, परितोष शुक्ला, रक्षा चौधरी, वर्षा जोशी, रजनी शुक्ला, शशि शुक्ला, रुचि शुक्ला, गायत्री चौकसे और दीपा माली सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### स्त्री कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. नियति जैन शाह बनीं प्रदेश सचिव

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

महिला स्वास्थ्य और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली शहर की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं गायनेक कैंसर सर्जन डॉ. नियति जैन शाह को यूनाइटेड इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन की महिला विंग का मध्य प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मधु यादव ने उनकी इस नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं।

डॉ. नियति शाह महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी अभिनव पहल 'नार्या' की संस्थापक हैं। इस पहल के माध्यम से वे फिजिकल क्लिनिक और डिजिटल एप्लिकेशन दोनों ही स्तरों पर महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं। अपने चिकित्सा अनुभव और सामाजिक सरोकारों के चलते उन्होंने अब तक हजारों महिलाओं को कैंसर सहित विभिन्न स्त्री रोगों की समय पर पहचान, उचित परामर्श और उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से अनेक महिलाओं को नया जीवन और बेहतर स्वास्थ्य मिला है। महिला स्वास्थ्य जागरूकता, सेवा और सामाजिक उत्थान में डॉ. शाह के निरंतर और उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए मानवाधिकार संगठन ने उन्हें महिला विंग के प्रदेश सचिव की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी इस नियुक्ति पर शहर के विभिन्न चिकित्सा, सामाजिक एवं अन्य संगठनों से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## युवाओं ने वृद्धजनों और दिव्यांगों के साथ बिताया समय, सेवा व संवेदना का दिया संदेश

### माय भारत और एनएसएस का चार दिवसीय अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम संपन्न

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत (माय भारत) केंद्र उज्जैन की जिला युवा अधिकारी सुश्री नीतू मीना के मार्गदर्शन में 15 से 18 जून 2026 तक चार दिवसीय अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम (एक्सपीरियंशियल लर्निंग प्रोग्राम - ईएलपी) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के प्रभारी डॉ. प्रदीप लाखरे के सहयोग से एनएसएस स्वयंसेवकों ने माय भारत के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर सक्रिय भागीदारी निभाई। मुख्य रूप से शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय और निर्मला कॉलेज के विद्यार्थियों ने आश्रम पहुंचकर वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के साथ समय बिताया और उनके जीवन की चुनौतियों को करीब से समझा।



इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। चार दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत फल वितरण, योग एवं प्राणायाम, भगवान धन्वंतरी पूजन, स्वास्थ्य जागरूकता तथा मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। स्वयंसेवकों ने आश्रमवासियों के साथ आत्मीय संवाद कर उनके संघर्षों और प्रेरणादायक अनुभवों को सुना, जिससे उनमें सहानुभूति और मानवीय मूल्यों के प्रति सम्मान का विकास हुआ। आयोजन के दौरान आश्रम प्रबंधन ने युवाओं को संस्था की कार्यप्रणाली और समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

साथ ही युवाओं को निस्वार्थ सेवा भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अनूठी पहल में प्रगति वर्मा, प्रज्ञा रावत, रूपा सोलंकी, तनवीर, सोहेल सहित माय भारत एवं एनएसएस के अन्य स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम को जीवन मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को गहराई से समझने वाला एक महत्वपूर्ण अनुभव बताया।

### वीरांगना लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर युवा ब्राह्मण समाज ने दी श्रद्धांजलि

## हरिफाटक ब्रिज स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन, स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान को किया याद

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज द्वारा 18 जून को झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर इंदौर रोड स्थित हरि फाटक ओवर ब्रिज की रोटरी पर विराजित वीरांगना की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। उपस्थित युवाओं ने मातृभूमि के लिए दिए गए उनके बलिदान के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। समाज के अध्यक्ष अर्पित पुजारी ने बताया कि 18 जून 1858 को रानी लक्ष्मीबाई ने देश की स्वतंत्रता के लिए अंग्रेजों से लोहा लेते हुए अपने प्राण न्यौछावर किए थे। उनके इस अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान के लिए पूरा भारत देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। इस दौरान समाज के सभी सदस्यों और युवाओं ने वीरांगना के जीवन संघर्ष को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



आयोजन में अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज के संस्थापक महेश पुजारी, वरिष्ठ समाजसेवी भगवान शर्मा, रूपेश मेहता, राकेश जोशी (रांका गुरू), महेंद्र सिंह बैंस, सुरेश शर्मा, राहुल व्यास, शैलेन्द्र नागर, राजू बैरागी, मुकेश खंडेलवाल, मनोहर राठौर, गोविंद व्यास, राम शर्मा, आशीष ठक्कर, किशन पाण्डेय, सोनू, अमन, तरुण, यथार्थ, रणजीत, राम, लखन, सिद्धांत, उदय, हिमांशू, नारायण और चंद्रशेखर सहित अन्य साथी व सदस्य उपस्थित थे।

## एआई की तकनीक के साथ विद्यार्थियों ने सीखा एलईडी बल्ब बनाने का हुनर

### सम्राट विक्रमादित्य विवि के कंप्यूटर विज्ञान संस्थान में कौशल विकास पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान संस्थान में ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एलईडी विनिर्माण विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एमएसएमई नवाचार एवं इनक्यूबेशन केंद्र तथा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास मालवा प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस आयोजन में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी कौशल सिखाकर आत्मनिर्भरता के गुर सिखाए गए।

उद्घाटन सत्र में 'शिक्षा से आत्मनिर्भर' के राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ. राकेश ढांड बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के इस युग में छात्रों को ड्रोन, एआई और स्थानीय स्तर पर विनिर्माण जैसी विधाओं में व्यावहारिक रूप से पारंगत होना आवश्यक है, तभी देश को पूर्ण आत्मनिर्भर बनाने का सपना साकार होगा। अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि विश्वविद्यालय और इनक्यूबेशन केंद्र नवाचार, अनुसंधान और स्टार्टअप के लिए छात्रों को हर संभव मंच व संसाधन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रारंभ में कंप्यूटर विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. कमल बुनकर ने अतिथियों का स्वागत कर रूपरेखा प्रस्तुत की। नोडल अधिकारी एवं व्यावसायिक शिक्षा प्रांत समन्वयक बृजेश शुक्ला ने कार्यशाला के मुख्य उद्देश्य बताए। तकनीकी सत्रों में छात्रों ने खासा उत्साह दिखाया। पहले सत्र में बृजेश शुक्ला के संबोधन के बाद मुख्य सहायक प्रशिक्षक अभिषेक पांडे, राजवर्धन सिंह और गौरव जाटव ने छात्रों को ड्रोन की आधुनिक तकनीक, कोडिंग, फ्लाइंग मैकेनिज्म और एआई के उपयोग के बारे में विस्तार से समझाया। छात्रों ने संस्थान परिसर में लाइव ड्रोन तकनीक को करीब से देखा और संचालन के गुर सीखे।

### रणकेश्वर धाम में लगा योग शिविर, विशेषज्ञों ने बताए बीमारियों से निजात के उपाय

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला में महर्षि पाणिनी विश्वविद्यालय और रणकेश्वर धाम का संयुक्त आयोजन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को रणकेश्वर धाम में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के योग विभाग और रणकेश्वर धाम के संयुक्त तत्वावधान में प्रातः 7 से 8 बजे तक आयोजित हुआ। आयोजन में शिवत्व योग संस्था की टीम ने साधकों को योगाभ्यास का विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया।

शिविर में योग गुरुओं ने स्वयं को स्वस्थ और निरोगी बनाए रखने के सूत्र बताए। जीवनशैली से जुड़ी विभिन्न बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को उनकी शारीरिक समस्याओं के अनुसार विशेष आसन और प्राणायाम का



अभ्यास कराया गया। शिविर में मुख्य रूप से वजन कम करने, नींद की समस्या से निजात पाने, मधुमेह, हाई व लो ब्लड प्रेशर के नियंत्रण, अस्थमा, सर्वाइकल, स्लिप डिस्क और साइटिका जैसी शारीरिक समस्याओं के समाधान पर केंद्रित विशेष योग क्रियाएं करवाई गईं।

#### अतिथियों और योग गुरुओं का हुआ सम्मान

इस शिविर में महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रणकेश्वर धाम मंदिर समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। आयोजन के समापन पर मंदिर समिति द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों और योग गुरुओं का सम्मान कर उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## महाराणा प्रताप की शौर्य यात्रा में नारी शक्ति बाल भारती अखाड़े के बच्चों ने दिखाया कला कौशल

### चामुंडा माता से बिजासन माता मंदिर तक निकली यात्रा, उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कोच पूजा चौहान का हुआ सम्मान

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गई शौर्य यात्रा में नारी शक्ति बाल भारती रामशाला अखाड़े के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर एक बार फिर जीत का परचम लहराया है। अखाड़े के बच्चों की हैरतअंगेज कलाबाजी और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कोच पूजा चौहान का भगवान भोलेनाथ की तस्वीर भेंट कर भव्य सम्मान किया गया।

हरदयाल सिंह ठाकुर के नेतृत्व में यह वार्षिक शौर्य यात्रा परंपरानुसार चामुंडा माता चौराहे से शुरू होकर बिजासन माता मंदिर तक निकाली गई। इस आयोजन में बड़ी संख्या में क्षत्राणियां और मातृशक्ति उपस्थित थीं। यात्रा के दौरान बच्चों के साहसिक प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया।

अखाड़े की कोच पूजा चौहान के मार्गदर्शन में टीम ने अपना दबदबा बरकरार रखा। उत्कृष्ट कलाबाजी का प्रदर्शन करने वाले बच्चों में मुख्य रूप से विनय चौहान, गीत मालवीय, नक्ष केलकर, परी केलकर, समीक्षा मालवीय, माही, आरती मालवी, दिव्या मालवीय, कृतिका, यशस्वी पांचाल, हिमांशी परमार, लकी प्रजापत, यथर्व, किंजल मालवीय, मानसी मालवीय और संजना पीहू शामिल रहे।



#### अतिथियों ने दी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

शानदार प्रदर्शन के बाद कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष गुड्डू ठाकुर, बादल सिंह चौहान, अंकित चौबे, डॉ. भारती सोनी, मंजू कसेरा और वार्ड क्रमांक नौ की सपना सांखला सहित हरदयाल सिंह ठाकुर व उनकी टीम ने कोच पूजा चौहान को आशीर्वाद दिया। सभी अतिथियों और उपस्थित क्षत्राणियों ने पूजा बिटिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसी तरह आगे बढ़कर देश का नाम रोशन करने की बात कही।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

**आपदर्थे धनं रक्षेद् दारान् रक्षेद् धनैरपि।**
**आत्मानं सततं रक्षेद् दारैरपि धनैरपि॥**

**अर्थः** विपत्ति के समय के लिए धन की रक्षा करनी चाहिए। धन से अधिक रक्षा पत्नी की करनी चाहिए। किन्तु अपनी रक्षा का प्रसन सम्मुख आने पर धन और पत्नी का बलिदान भी करना पड़े तो नहीं चूकना चाहिए।

## खबर एक नजर...

### चलती कार में लगी आग बोनट से निकला धुआं

**इंदौर।** भंवरकुआ थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर चलती कार क्20 में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना अटल बिहारी कॉलेज के पास स्थित फ्लाईओवर की है। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची। आग बुझाने के दौरान कुछ समय के लिए फ्लाईओवर के एक हिस्से का यातायात भी रोकना पड़ा। फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के अनुसार घटना करीब दोपहर 12:30 बजे की है। धर्मेंद्र गोयल की कार फ्लाईओवर से गुजर रही थी, तभी अचानक उसके बोनट से धुआं निकलने लगा। धुआं देखकर चालक ने तत्काल वाहन रोककर खुद बाहर निकले। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कुछ ही मिनटों में आग ने कार के अगले हिस्से को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं और वाहन धू-धू कर जलने लगा। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। हालांकि दमकल कर्मियों के पहुंचने तक कार काफी हद तक जल चुकी थी। आग बुझाने के बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही भंवरकुआ थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। सुरक्षा की दृष्टि से फ्लाईओवर के एक तरफ का यातायात कुछ समय के लिए रोक दिया गया, जिससे क्षेत्र में हल्का जाम भी लग गया। आग पर काबू पाने के बाद यातायात को पुनः सुचारु किया गया।

### पति की प्रताड़ना से तंग आकर दी थी जान

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में विवाहिता की आत्महत्या के मामले में मर्ग जांच के बाद पुलिस ने पति और सास के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज किया है। जांच में सुसाइड नोट और साक्षियों के बयानों के आधार पर प्रताड़ना के आरोप सही पाए गए हैं। पुलिस के अनुसार भमौरी स्थित न्यू अंजनी नगर में रहने वाली सीमा जैन ने 19 मई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। मर्ग जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों, सुसाइड नोट और गवाहों के बयानों में यह बात सामने आई कि मृतका को कथित रूप से दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। जांच में यह भी पाया गया कि ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से परेशान होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया। इस मामले में पुलिस ने पति अमन जैन और सास सपना जैन निवासी खरगोन के खिलाफ एफआईआर की है। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि सीमा की शादी पिछले साल मई में खरगोन जिले के कसरावद में हुई थी। आरोप है कि शादी के समय ससुराल पक्ष ने हेमंत की बीमारी की जानकारी छिपाई थी। इस बात को लेकर शादी के बाद सीमा और ससुराल पक्ष के बीच विवाद शुरू हो गया था।

### इंदौर में महिला का शव फांसी के फंदे पर मिला

**इंदौर।** खुडैल क्षेत्र में रहने वाली एक महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला, जबकि उसके पति ने धारदार हथियार से अपना गला काट लिया। दोनों को इस हालत में सबसे पहले उनके बच्चों ने देखा और परिजनों को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घायल पति का एमवाय अस्पताल में उपचार चल रहा है। खुडैल पुलिस के मुताबिक घटना बुधवार शाम ग्राम बिहाड़िया की है। मृतका ज्योति और उसके पति बलराम की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी। शुरुआती जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि विवाद के बाद ज्योति ने पहले अपने दोनों बच्चों को बाहर खेलने भेज दिया और फिर घर में फांसी लगा ली। इसके बाद पति बलराम ने धारदार हथियार से अपना गला काट लिया। कुछ देर बाद जब बच्चे घर लौटे तो दोनों को गंभीर हालत में देखा और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। ज्योति को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं घायल बलराम को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और पारिवारिक विवाद सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

### निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल से गिरे युवक की मौत

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में निमार्णाधीन मकान की दूसरी मंजिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक अपने दोस्त से मिलने गया था, तभी हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मामला दुर्घटनावश गिरने का प्रतीत हो रहा है। बाणगंगा पुलिस के अनुसार नंदबाग कॉलोनी निवासी रवि गुर्जर (35) पुत्र प्रेमलाल गुर्जर की गुरुवार सुबह एमवाय अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। रवि को कुछ दिन पहले गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस जांच में सामने आया है कि रवि शनिवार को अपने मित्र गोपाल से मिलने एक निमार्णाधीन मकान में पहुंचा था। गोपाल वहां टाइल्स लगाने का काम कर रहा था। बताया जाता है कि मकान की दूसरी मंजिल पर काम चल रहा था और रवि वहीं से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह करीब 20 फीट नीचे गिर पड़ा। हादसे के बाद मौके पर मौजूद गोपाल और अन्य मजदूरों ने तत्काल रवि को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां कई दिनों तक इलाज चला। गोपाल ने पुलिस को बताया कि घटना के समय मकान में टाइल्स लगाने का कार्य चल रहा था।

---

#### तालाब, स्कूल, आईटी पार्क और धरोहरों का किया निरीक्षण, छात्राओं के साथ खगोलीय लैब भी देखी

# इंदौर दौरे पर सीएम का जल, शिक्षा-आईटी पर फोकस

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर





सीएम डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को इंदौर दौरे के दौरान शहर में जल संरक्षण, शिक्षा, आईटी विकास और ऐतिहासिक धरोहरों से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने खंडवा रोड स्थित लिंबोदी तालाब पहुंचकर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चल रहे जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया, बड़ा गणपति स्थित शासकीय शारदा कन्या स्कूल में छात्राओं से संवाद कर खगोलीय प्रयोगशाला देखी, निमार्णाधीन आईटी पार्क-3 का निरीक्षण कर प्रदेश को आईटी हब बनाने का रोडमैप साझा किया, वीरगढ़ी हनुमान मंदिर की प्राचीन बावड़ी के संरक्षण के निर्देश दिए और किला मैदान पहुंचकर वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खंडवा रोड स्थित करीब 100 साल पुराने लिंबोदी तालाब के जीर्णोद्धार कार्यों का अवलोकन करते हुए कहा कि जल है तो कल है, जल ही जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण और स्वच्छता दोनों जरूरी हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेशभर में अब तक 2 लाख से अधिक जल संरक्षण कार्य किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि इंदौर में 10 से अधिक बड़े तालाबों और 250 से ज्यादा कुओं-बावड़ियों के संरक्षण का काम किया गया है। उन्होंने तालाबों और उनसे जुड़े जलमार्गों पर हुए अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने की बात कही। इस दौरान उन्होंने श्रमदान भी किया और लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि अमृत 2.0 योजना के तहत तालाबों में स्टोन बोल्डर पिचिंग, टो-वॉल, रैलिंग, इको-फ्रेंडली पाथवे और स्टोन बेंच जैसे विकास कार्य किए जा रहे हैं।

### स्कूल चले हम अभियान में छात्राओं से मिले

मुख्यमंत्री बड़ा गणपति स्थित शासकीय शारदा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भी पहुंचे। यहां उन्होंने स्कूल चले हम अभियान के तहत छात्राओं से मुलाकात की और स्कूल में स्थापित अत्याधुनिक खगोलीय प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। स्पार्क एस्ट्रोनॉमी लैब में छात्राओं ने मुख्यमंत्री को टेलिस्कोप, ग्रह-नक्षत्र ट्रैकिंग सिस्टम, रॉकेट मॉडल, सैटेलाइट मॉडल, सौर मंडल, चंद्रग्रहण और सूर्यग्रहण से जुड़े मॉडल्स की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने छात्राओं के वैज्ञानिक कौशल की सराहना की और कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत इस तरह की आधुनिक प्रयोगशालाएं विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने स्मार्ट क्लास में जाकर छात्राओं से उनके भविष्य के सपनों और लक्ष्यों पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों को शिक्षा और तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्माणाधीन आईटी पार्क-3 का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को देश का अग्रणी आईटी और सेवा क्षेत्र का केंद्र बनाने का संकल्प है और उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन इसका ग्रोथ इंजन बनेगा। उन्होंने कहा कि आईटी पार्क-3, आईटी पार्क-4, उज्जैन आईटी पार्क और इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर प्रदेश को डिजिटल अर्थव्यवस्था की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। 557 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा यह 22 मंजिला ग्रीन बिल्डिंग आईटी पार्क मध्य भारत का सबसे बड़ा आईटी पार्क बनने जा रहा है।

---

#### 4 लेन ओवरब्रिज और सर्विस रोड से ट्रैफिक जाम घटेगा

# शास्त्री ब्रिज का पुनर्निर्माण होगा, 139 करोड़ मंजूर

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



शहर के यातायात दबाव को कम करने और रेल-सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए भारतीय रेलवे ने इंदौर यार्ड स्थित शास्त्री ब्रिज (आरओबी नंबर 103-सी) के पुनर्निर्माण को मंजूरी दे दी है। करीब 139 करोड़ रुपए की इस परियोजना के तहत पुराने पुल की जगह आधुनिक 4-लेन ओवरब्रिज बनाया जाएगा। इसके साथ दोनों ओर सर्विस रोड भी विकसित की जाएंगी, जिससे शहरवासियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। रेलवे के अनुसार यह प्रोजेक्ट रेलवे क्रॉसिंग और शहरी यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। लंबे समय से शहर के प्रमुख मार्गों में शामिल इस हिस्से पर भारी ट्रैफिक दबाव बना रहता है, जिसे देखते हुए पुल के पुनर्निर्माण का फैसला लिया गया है।

**72 मीटर लंबा होगा नया ब्रिज-** स्वीकृत योजना के मुताबिक नया शास्त्री ब्रिज 72 मीटर लंबा होगा। इसे ऊंट की पीठ के आकार की संरचना में तैयार किया जाएगा। पुल में पीएससी गर्डर और पूर्ण वायडक्ट सिस्टम रहेगा, जिससे यह ज्यादा मजबूत और टिकाऊ बनेगा। पुल को चार लेन में विकसित किया जाएगा, ताकि बढ़ते ट्रैफिक को आसानी से संभाला जा सके।

**दोनों ओर बनेंगी 6-6 मीटर की सर्विस रोड-** मुख्य पुल के नीचे स्थानीय यातायात के लिए दोनों तरफ 6 मीटर चौड़ी सर्विस रोड भी बनाई जाएंगी। इससे आसपास के रहवासियों और छोटे वाहनों को मुख्य ट्रैफिक से अलग सुरक्षित रास्ता मिलेगा। साथ ही भविष्य में रखरखाव कार्यों में भी आसानी होगी।

**सीवर और बिजली व्यवस्था का होगा आधुनिकीकरण-** परियोजना के तहत सिर्फ पुल निर्माण ही नहीं, बल्कि आसपास की आधारभूत सुविधाओं को भी अपग्रेड किया जाएगा। मौजूदा सीवर लाइन को शिफ्ट कर नई सीवर लाइन डाली जाएगी, ताकि जल निकासी की समस्या न हो। इसके अलावा बिजली के खंभे, स्ट्रीट लाइट और अन्य यूटिलिटी सेवाओं को भी नए सिरे से व्यवस्थित किया जाएगा।

### ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

रेलवे का कहना है कि शास्त्री ब्रिज के पुनर्निर्माण से शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या में काफी कमी आएगी। खासतौर पर रेलवे यार्ड और आसपास के क्षेत्रों में रोजाना होने वाली आवाजाही अधिक व्यवस्थित होगी। इससे लोगों का समय बचेगा और सड़क सुरक्षा भी बेहतर होगी। यह परियोजना इंदौर की बढ़ती शहरी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। रेलवे का मानना है कि इससे शहर के परिवहन नेटवर्क को मजबूती मिलेगी और भविष्य की जरूरतों के अनुसार बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित हो सकेगी।

---

#### मटमैले पानी पर नपा में युवक कांग्रेस का बवाल

# टीआई के सिर पर फोड़ा मटका



ब्रह्मास्त्र ›› धार

शहर में दूषित और अनियमित जलापूर्ति को लेकर गुरुवार को युवक कांग्रेस ने नगर पालिका का घेराव किया।

प्रदर्शन के दौरान मटके फोड़े गए। बैरिकेड्स लांघे गए और सीएमओ कक्ष में चूड़ियां फेंकी गईं। नगर पालिका पहुंचने पर पहले से तैनात पुलिस बल और बैरिकेड्स के बीच प्रदर्शन शुरू हुआ। नपा परिसर में प्रदर्शन तेज होते ही कार्यकर्ताओं ने मटके फोड़ना शुरू कर दिए। इसी दौरान कार्यकर्ताओं में से किसी ने एक मटका टीआई हीरुसिंह रावत के सिर पर भी फोड़ दिया। स्थिति बिगड़ती देख नगर पालिका कर्मचारियों ने फायर ब्रिगेड से प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछार की। हंगामे के बाद नगर पालिका की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष रोहित कामदार समेत 12 नेताओं पर प्रकरण दर्ज कर लिया। इधर, नपा सीएमओ विश्वनाथ सिंह ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान दिखाया गया पानी पुराना था। वर्तमान में साफ पानी सप्लाई किया जा रहा है।

---

# पुल-पुलियों पर पानी हो तो बसें न निकालें

### बस ऑपरेटरों की बैठक, आरटीओ बोले- नियमों की अनदेखी पर होगी कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



आगामी मानसून, अतिवर्षा और संभावित बाढ़ की स्थितियों को देखते हुए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में इंदौर संभाग के बस ऑपरेटरों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने यात्री सुरक्षा और सुचारू परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

आरटीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पुल-पुलियों पर पानी का बहाव होने की स्थिति में किसी भी हालत में बसों को पार न कराया जाए। जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा जारी चेतावनियों का पूर्ण पालन किया जाए।

बैठक में बसों के ब्रेक, स्टेयरिंग, वाइपर, हेडलाइट, फॉग लैंप, इंडिकेटर और अन्य तकनीकी उपकरणों की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्पीड गवर्नर चालू रखने और नियंत्रित गति से वाहन संचालन पर जोर दिया गया।

बस चालकों को ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, वाहन में अलग प्रवेश-निकास द्वार, इमरजेंसी गेट, अग्निशमन यंत्र और प्राथमिक उपचार पेटी उपलब्ध रखने के निर्देश भी दिए गए। वैध फिटनेस, बीमा, परमिट और अधिकृत ड्राइविंग लाइसेंस के बिना वाहन संचालन नहीं करने की हिदायत दी गई।

आरटीओ ने बारिश के दौरान सुरक्षित दूरी बनाकर वाहन चलाने, अचानक ब्रेक लगाने से बचने और टायरों की नियमित जांच कर उन्हें सुरक्षित स्थिति में रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान यात्री सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

---

#### राम मंदिर दान राशि में गड़बड़ी पर कांग्रेस का प्रदर्शन

# चंपत राय के इस्तीफे और एफआईआर की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर




**कलेक्टर चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाई**

अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर की दान राशि में कथित करोड़ों रुपए की चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को लेकर गुरुवार को इंदौर में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर एफआईआर और राम मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख चंपत राय के इस्तीफे की मांग उठाई।

प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल, गिरीश जोशी, दीपक छाबड़ा और दीपक वानखेड़े ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर पहुंचे और जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि श्रीराम मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। मंदिर निर्माण और संचालन के लिए देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा के अनुसार दान दिया है। ऐसे में दान राशि में कथित गड़बड़ी और चोरी की खबरें बेहद गंभीर और चिंताजनक हैं।

नेताओं ने कहा कि यह सिर्फ आर्थिक अनियमितता का मामला नहीं है, बल्कि करोड़ों राम भक्तों की भावनाओं से जुड़ा विषय है। ऐसे में पूरे मामले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होना जरूरी है।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने राम मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख चंपत राय से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देने की मांग की। साथ ही कहा कि यदि मंदिर जैसी पवित्र संस्था में भी वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आते हैं, तो सच्चाई सामने लाने के लिए कठोर कार्रवाई जरूरी है।

कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि धार्मिक संस्थाओं में जनता की ओर से दिए जाने वाले धन का उपयोग पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ होना चाहिए। किसी भी तरह की अनियमितता या भ्रष्टाचार को छिपाना जनविश्वास के साथ खिलवाड़ है।

---

#### मेयर इन काउंसिल का फैसला, लाइसेंस फीस तय होगी, कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी

# बिना निगम अनुमति सिनेमाघरों में चल रहे विज्ञापनों पर शिकंजा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



इंदौर नगर निगम अब शहर के सिनेमाघरों में बिना अनुमति प्रदर्शित किए जा रहे विज्ञापनों पर सख्ती करेगा। गुरुवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में हुई मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक में निर्णय लिया गया कि सिनेमाघरों में दिखाए जा रहे सभी विज्ञापनों का मध्यप्रदेश आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम-2017 के तहत पंजीयन कराया जाएगा और उनसे निर्धारित लाइसेंस शुल्क वसूला जाएगा।

बैठक में शहर के विकास, जल प्रबंधन, आवास और आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। हालांकि महापौर के निर्देश पर विभिन्न जोनों में प्रस्तावित कॉलोनियों के रेट जोन परिवर्तन के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया। अधिकारियों का मानना है कि इससे आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ सकता था। एमआईसी ने शहर के श्मशान और कब्रिस्तानों के संचालन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने का निर्णय लिया। इंदौर जलप्रदाय प्रणाली के तहत ओवरहेड टैंकों के लिए फीडर मेन लाइन बिछाने, जोड़ने, टेस्टिंग और कमीशनिंग के कार्यों को मंजूरी दी गई। साथ ही वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में 10 नए रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाए जाएंगे।

**इंदौर में पोस्टर विवादः मनीष मामा ने उठाया सवाल-** इंदौर नगर निगम की टक्ष में एक बार फिर पोस्टर राजनीति गरमा गई है। वरिष्ठ एमआईसी सदस्य और वार्ड 64 के पार्षद मनीष शर्मा मनीष मामा ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम कमिश्नर के सामने सीधे सवाल उठाया है कि मुख्यमंत्री की मौजूदगी में नगर निगम के पोस्टरों में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का फोटो क्यों नहीं लगाया जा रहा।

**निगम परिषद की बैठक में उठा मुद्दा-** मनीष मामा का कहना है कि कैलाश विजयवर्गीय इंदौर के कद्दावर नेता और प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री हैं।

### पुरानी प्रतिमा हटाकर नई लगाने का प्रस्ताव

- बैठक में छोटी ग्वालटोली स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल रोटरी के सौंदर्यीकरण के तहत पुरानी प्रतिमा हटाकर नई प्रतिमा स्थापित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। एयरपोर्ट रोड स्थित पंचशील नगर में सीएसआर मद से स्क्रैप धातु से सेवन स्टार स्मारक बनाने, फूटी कोठी चौराहे पर संत श्री सेवालाल ब्रिज निर्माण से क्षतिग्रस्त सर्विस रोड के पुनर्निर्माण और चंदन नगर चौराहे पर फ्लायओवर निर्माण में बाधक प्राइमरी सीवर लाइन को शिफ्ट करने के प्रस्तावों को भी मंजूरी मिली।
- सफाई मित्रों की तर्ज पर अब ड्रेनेज कर्मचारियों को भी आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना-2.0 के तहत प्रस्तावित 8100 आवासीय इकाइयों के निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित करने की स्वीकृति दी गई।
- बैठक में निगम के 60 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र, इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी सर्टिफिकेट रजिस्ट्रेशन और शहरभर की पुरानी स्ट्रीट लाइटों को एलईडी में बदलने के प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई।

# इंस्टाग्राम रील में तीन लोगों की मौत का वीडियो आया सामने, बैतूल में कार में सामने से घुसी थी बाइक, मौसी-भांजे समेत 3 की गई जान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बैतूल

मध्यप्रदेश के बैतूल में चिचोली मार्ग पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे का वीडियो सामने आया है। हादसे के वक्त टवेरा में सवार एक युवक इंस्टाग्राम रील बना रहा था। तभी एक बाइक टवेरा से सामने से टकरा गई। हादसे में मौसी-भांजे समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

घटना मंगलवार सुबह करीब 5.30 बजे टाहली जोड़ की है। वीडियो में टवेरा में सवार एक युवक मोबाइल से इंस्टाग्राम रील बनाता नजर आ रहा है। कुछ सेकेंड बाद सामने से आ रही बाइक सीधे वाहन से टकरा जाती है। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक का अगला हिस्सा टवेरा में घुस गया और मौके पर चीख-पुकार मच गई।

हादसे में कपिल बारस्कर (17) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल खुशी पंडाग्रे (22) और आंचल सेन (23) ने जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। खुशी और कपिल रिश्ते में मौसी-भांजा थे।





खारीढाना निवासी आंचल सेन इंदौर से लौटकर फोरलेन स्थित टाहली जोड़ पर उतरी थीं। उन्हें लेने के लिए उनकी सहेली खुशी पंडाग्रे और भांजा कपिल बारस्कर बाइक से पहुंचे थे। तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर गांव लौट रहे थे। इसी दौरान टाहली जोड़ के पास उनकी बाइक और टवेरा के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि टवेरा अपनी लेन में चल रही थी, जबकि बाइक के गलत दिशा से आने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा पुलिस जांच के बाद ही होगा। मृतकों में आंचल सेन इंदौर में निजी नौकरी करती थीं, जबकि खुशी पंडाग्रे कॉलेज की छात्रा थीं। चिचोली पुलिस वायरल वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर हादसे की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि दुर्घटना किसकी लापरवाही से हुई।

# मप्र में 21 जून को नीट परीक्षा, हर सेंटर पर सीसीटीवी-जैमर, भोपाल में 13,774 स्टूडेंट देंगे एग्जाम, होगी जांच

**नीट की परीक्षा को लेकर भोपाल समेत प्रदेशभर में तैयारियां की जा रही हैं। इस बार मैनिट को सेंटर बनाया गया है।**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल




नीट (यूजी) की 21 जून को होने वाली पात्रता परीक्षा को लेकर नियम सख्त रहेंगे। सभी सेंटरों पर सीसीटीवी कैमरे और जैमर लगेंगे। ताकि, गड़बड़ी की कोई गुंजाइश न रहे। सेंटर के बाहर बड़ी सी घड़ी लगेंगी। जिससे स्टूडेंट्स को टाइमिंग का सही पता रहे। ये नियम प्रदेश के सभी एग्जॉम सेंटरों पर लागू होंगे। इधर, भोपाल, इंदौर और रतलाम के लिए स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जाएंगी।

भोपाल में कुल 13 हजार 774 स्टूडेंट्स परीक्षा देंगे। इसे लेकर जिला प्रशासन, पुलिस के साथ रेलवे भी तैयारी कर रहा है। 32 केंद्र प्रभारियों के साथ कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने गुरुवार को वन-टू-वन किया। मीटिंग में बताया गया कि कई बार दो से तीन सेंटरों के नाम एक जैसे होते हैं। जिससे परीक्षार्थी कन्फ्यूज हो जाते हैं। इसलिए उन्हें केंद्र का नाम और स्थान क्लियर रखें।

हमीदिया रोड पर जो सेंटर हैं, उसके रास्ते में लोग गाड़ियां खड़ी कर देते हैं। इस वजह से स्टूडेंट्स को देरी हो सकती है। इसलिए पुलिस गाड़ियों को तुरंत हटा दें। पुराने शहर में मेट्रो का काम चल रहा है। बेरिकेडिंग में सेंटर का नाम छिप सकता है। इसलिए सेंटर की ओर रास्ता दिखाने वाले बोर्ड लगेंगे।

### इतने स्टूडेंट्स परीक्षा देंगे भोपाल में

13 हजार 774, छिंदवाड़ा 4303, गुना में 1839, विदिशा में 1709, नर्मदापुरम में 1283 और अशोकनगर में 865 परीक्षार्थियों के आने की संभावना है।

तीन शहरों में चलेगी स्पेशल ट्रेन अभ्यर्थियों की सुविधा एवं परीक्षा केंद्रों तक उनकी सुगम आवाजाही के लिए रेलवे इंदौर, भोपाल और रतलाम के बीच एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाएगा। यह स्पेशल ट्रेन इंदौर एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों से भोपाल आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में सुविधा प्रदान करेगी।

गाड़ी संख्या 09354 इंदौर-भोपाल स्पेशल ट्रेन का संचालन 20 जून 2026 को किया जाएगा। यह ट्रेन इंदौर स्टेशन से सुबह 11.25 बजे प्रस्थान कर फतेहाबाद में दोपहर 12 बजे, बड़नगर में दोपहर 12.42 बजे, रतलाम में 1.30 बजे, नागदा में दोपहर 2.23 बजे, उज्जैन में दोपहर 3.25 बजे, मक्सी में शाम 4.30 बजे, शुजालपुर में शाम 5.21 बजे, सीहोर में शाम 6 बजे, बैरागढ़ स्टेशन पर शाम 6.18 बजे और शाम 5 बजे भोपाल स्टेशन पर पहुंचेंगी। इसी प्रकार वापसी दिशा में गाड़ी संख्या 09353 भोपालझ्ररतलाम स्पेशल ट्रेन 20 जून 2026 को भोपाल स्टेशन से शाम 7.40 बजे प्रस्थान कर संत हिरदाराम नगर में रात 8.08 बजे, सीहोर में रात 8.34 बजे, शुजालपुर में रात 8.59 बजे, मक्सी में रात 9.59 बजे, उज्जैन में रात 11.05 बजे एवं अगले दिन नागदा रात 12.05 बजे आगमन कर गंतव्य स्टेशन रतलाम रात 12.55 बजे पहुंचेगी।

**आंध्रप्रदेश को टाइगर-गौर देंगे, वाइल्ड डॉग्स लेंगे**


# सीएम ने दी टास्क फोर्स को मंजूरी, वन्य जीव संघर्ष राज्य आपदा घोषित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आंध्रप्रदेश सरकार की ओर से मध्यप्रदेश से बाघ और गौर की डिमांड की गई है। उन्हें बाघ और गौर देने के लिए कार्रवाई की जाए, बदले में आंध्रप्रदेश से वाइल्ड डॉग्स या अन्य वन्य प्राणी लेने के प्रयास किए जाएं। इसी प्रकार राजस्थान सरकार द्वारा सोन चिरैया देने पर सहमति व्यक्त की गई है। उनसे सोन चिरैया प्राप्त कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि वन विभाग वन्य पर्यटन का तेजी से विस्तार करे। वन पर्यटन बढ़ाने के लिए पर्यटकों के लिए सुविधाएं भी बढ़ाई जाएं। सफारी गाड़ियों की संख्या बढ़ाने पर भी विचार किया जाए। इससे पर्यटक तेजी से जुड़ेंगे।

गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में वन विभाग के कार्यों एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जंगल की सीमा में जनजातीय बंधुओं के देवस्थानों को समुचित तरीके से उनके रीति-रिवाजों के अनुसार ही विकसित करें। बताया गया कि इस साल 300 देवस्थान विकसित किए जाएंगे। इससे पहले 1421 देवस्थान विकसित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने विभाग द्वारा राज्य टाइगर स्ट्राइक फोर्स की तर्ज पर वनों के संगठित अपराधों के सख्ती से नियंत्रण के लिए 'राज्य स्तरीय टास्क फोर्स' का गठन करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए वन मुख्यालय स्तर पर 'कमॉण्ड एवं कन्ट्रोल रूम' की स्थापना के प्रस्ताव का भी अनुमोदन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खनिज के परिवहन के लिए वन विभाग को 'परिवहन अनुज्ञा शुल्क' में वृद्धि करने के प्रस्ताव को भी अनुमति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मानव और वन्य जीव संघर्ष को राज्य आपदा घोषित करने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि ऐसे संघर्ष में प्रशासन, पुलिस, वन विभाग और आपदा मोचन बल मिलकर ऐसी आपदा का समुचित प्रबंधन कर सकेंगे।

# भोपाल-इंदौर समेत 39 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट, मप्र में सामान्य से कम बारिश



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में मानसून का इंतजार लंबा हो रहा है। सामान्यतः 15-16 जून तक मानसून प्रदेश में एंटर हो जाता है, लेकिन इस बार यह 9 से 10 दिन लेट यानी, 25 जून तक एंट्री कर सकता है। मानसून के लेट होने से जून की सामान्य बारिश के आंकड़े में गिरावट आई है। क्टऊ (मौसम केंद्र) भोपाल के मुताबिक, प्रदेश में 1 जून से अब तक 39% पानी कम गिरा है। इसमें भी पूर्वी हिस्से की तस्वीर ज्यादा खराब है।

प्रदेश में 1 से 18 जून के बीच 46.8 मिमी यानी, करीब 2 इंच पानी गिरता है, लेकिन इस बार यह 28.4 मिमी यानी, सवा इंच से भी कम है। अनूपपुर, बालाघाट, दमोह, मैहर, रीवा, शहडोल, टीकमगढ़, अलीराजपुर, बड़वानी, भिंड, दतिया, धार और खरगोन ऐसे जिले हैं, जहां पर औसत आधा इंच पानी भी नहीं गिरा है।

हालांकि, भोपाल, आगर-मालवा, अशोकनगर, बैतूल, बुरहानपुर, देवास, गुना, हरदा, इंदौर, मंदसौर, मुरैना, नर्मदापुरम, रायसेन, राजगढ़, रतलाम, सीहोर, श्योपुर, शिवपुरी, विदिशा, सीधी, सतना में 1 से 4 इंच तक पानी गिरा है, लेकिन यह भी बोवनी लायक नहीं है।

मानसून के नहीं आने और प्री-मानसून में कम बारिश होने की वजह से किसानों की चिंता बढ़ गई है। वे खरीफ सीजन की फसल जैसे- सोयाबीन, उड़द, मूंग, तूअर आदि की बुवाई नहीं कर पा रहे हैं। शाजापुर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एसएस धाकड़ बताते हैं कि बोवनी के लिए कम से कम 4 इंच बारिश जरूरी है। इससे जमीन में पर्याप्त नमी आती है। इतनी बारिश होने के बाद ही किसान बोवनी करें।

मानसून के समय पर आने की संभावना के चलते प्रदेश के कई जिलों में किसानों ने सोयाबीन की बोवनी कर दी। उन पर बीज खराब होने का खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि पानी के आभाव में बीज खराब हो सकता है। ऐसे में किसानों को दोबारा बोवनी करना पड़ेगी। हालांकि, उन किसानों के लिए राहत है, जिनके पर सिंचाई के लिए पानी है। प्रदेश में गुरुवार को भी आंधी-बारिश का दौर जारी रहा। सिवनी में 1 इंच से ज्यादा बारिश हो गई। वहीं, इंदौर के महू, धार के पीथमपुर और गुना में भी आंधी-बारिश हुई। इस वजह से दिन के तापमान में गिरावट हुई है।

# मध्यप्रदेश में खिलाड़ियों की पुलिस में सीधी भर्ती होगी: 5 साल बाद फिर शुरू होगी प्रक्रिया

**संशोधित नियमों से खिलाड़ियों के चयन, पात्रता और मूल्यांकन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया**

**10 एसआई और 50 आरक्षक पदों पर मिलेगा मौका, भोपाल1 घंटे पहले**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



मध्य प्रदेश सरकार ने पुलिस विभाग में खिलाड़ियों की सीधी भर्ती के नियम में संशोधन कर दिया है। मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों को खेल के साथ सरकारी नौकरी का अवसर मिलने जा रहा है। राज्य सरकार ने पुलिस विभाग में उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी भर्ती के नियम 2021 में संशोधन कर दिया है। इसके तहत उप निरीक्षक (रक) के 10 और आरक्षक के 50 पदों पर खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति होगी।

2021 के बाद पहली बार यह भर्ती प्रक्रिया फिर शुरू की जा रही है। नए प्रावधानों के अनुसार खेल कोटे से भर्ती प्रक्रिया अब नियमित रूप से हर साल आयोजित की जाएगी।

सरकार का कहना है कि संशोधित नियमों से खिलाड़ियों के चयन, पात्रता और मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया गया है। इससे प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को खेल उपलब्धियों के आधार पर शासकीय सेवा में प्रवेश का मौका मिलेगा।

संशोधित नियम, 2026 के तहत उप निरीक्षक पद पर केवल उन्हीं उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति होगी, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लिया हो या पदक जीता हो। इसके लिए ओलंपिक, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल, विश्व कप और विश्व चैंपियनशिप जैसी प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी पात्र होंगे। इन प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले खिलाड़ियों को भी पात्रता मिलेगी।

### आरक्षक भर्ती के लिए ये योग्यता जरूरी

आरक्षक पद के लिए राष्ट्रीय खेलों और अधिकृत राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ी सीधी भर्ती के लिए पात्र होंगे। राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों के साथ अधिकृत राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को भी मौका मिलेगा। जो खिलाड़ी रकपद की पात्रता पूरी करते हैं, वे आरक्षक पद के लिए स्वतः पात्र माने जाएंगे।

# मप्र के 81 लाख किसानों को 1,634 करोड़ रुपए मिलेंगे

**शिवराज सिंह ने की घोषणा; मीनाक्षी नटराजन पर बोले- अब पछताए क्या होत, चिड़िया चुग गई खेत**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



23वीं किस्त के तहत देश के करीब 9 करोड़ किसानों के खातों में 18,800 करोड़ रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर की जाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में बताया- 20 जून को पीएम किसान की 23वीं किस्त आएगी। पीएम नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से 23वीं किस्त जारी करेंगे। साथ ही बताया- मध्यप्रदेश के 81.67 किसानों के खातों में 1,634 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने कहा- खरीफ सीजन की शुरूआत से पहले मिलने वाली यह सहायता किसानों के लिए बड़ी राहत होगी। वहीं मीनाक्षी नटराजन के सत्याग्रह को लेकर पूछे गए सवाल पर शिवराज सिंह ने कहा- अब पछताए होत क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत।

शिवराज सिंह चौहान ने बताया- पीएम-किसान योजना के तहत अब तक 22 किस्तों के माध्यम से देशभर के किसानों के खातों में करीब 4.28 लाख करोड़ रुपए सीधे भेजे जा चुके हैं। 23वीं किस्त के तहत देश के करीब 9 करोड़ किसानों के खातों में 18,800 करोड़ रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर की जाएगी।

### देशभर में मनाया जाएगा पीएम किसान उत्सव दिवस

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 23वीं किस्त जारी होने के अवसर पर पूरे देश में पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया जाएगा। इसके तहत देश के 731 कृषि विज्ञान केंद्रों, 113 आईसीएआर संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों और राज्य, जिला, ब्लॉक तथा ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अनुमान है कि करीब 4 करोड़ किसान विभिन्न स्थानों से इन कार्यक्रमों में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनेंगे।

### पश्चिम बंगाल के किसानों को भी मिलेगा लाभ

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पहले पश्चिम बंगाल के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का पूरा लाभ नहीं मिल पाता था, लेकिन अब राज्य के 44 लाख 42 हजार किसानों को भी योजना का लाभ मिलेगा। इससे वहां के छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक सहायता मिलेगी।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने पीएम-आशा योजना के तहत उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु और गुजरात को मूंग, उड़द और मसूर की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर करने की अनुमति दे दी है। मध्यप्रदेश के संबंध में राज्य सरकार के साथ चर्चा जारी है और शुक्रवार को होने वाली बैठक के बाद इस पर फैसला लिया जाएगा।

# सोम डिस्टिलरीज की यूनिटों के लाइसेंस आवेदन निरस्त

**आबकारी आयुक्त की कार्रवाई**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

राज्य शासन ने सोम डिस्टिलरीज समूह की इकाइयों द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए पेश किए गए आबकारी लाइसेंसों के नवीनीकरण आवेदन निरस्त कर दिए हैं। नवीनीकरण के आवेदनों के निरस्तीकरण का निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर लिया गया है। आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने आदेश में कहा है कि किसी भी लाइसेंस का नवीनीकरण स्वचालित या अधिकार स्वरूप प्राप्त होने वाली प्रक्रिया नहीं है। समग्र आचरण, विधिक अनुपालन, लाइसेंस की शर्तों के पालन, नियामकीय पात्रता, उपलब्ध अभिलेखों की सत्यता और सार्वजनिक हित से जुड़े पहलुओं का समग्र परीक्षण किया जाना आवश्यक है। आबकारी आयुक्त के आदेश में कहा गया है कि उपलब्ध अभिलेखों तथा उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों का परीक्षण किया गया। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण रहे कि पूर्व में अवैध शराब परिवहन, शासकीय राजस्व को क्षति पहुंचाने तथा आबकारी कानूनों के गंभीर उल्लंघन से संबंधित प्रकरण न्यायालयों के समक्ष सुनवाई में आ चुके हैं।

## खबर एक नजर...



### ओंकारेश्वर से खंडवा आएंगे 5000 से अधिक कावड़िए

**खंडवा।** आगामी 8 अगस्त को ओंकारेश्वर से खंडवा की ओर निकलने वाली कावड़ यात्रा को लेकर महादेवगढ़ मंदिर में बैठक आयोजित हुई। इसमें उपस्थित युवाओं ने 5000 से अधिक कावड़ियों को शामिल करने का संकल्प लिया। आयोजन को भव्य बनाने के लिए चाहत तोमर को यात्रा संयोजक व संकेत जोशी को सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। महादेवगढ़ संरक्षक का अशोक पालीवाल ने बताया महादेवगढ़ पर इस बार पूरे एक माह अखंड ओम नमः शिवाय का पाठ होगा। साथ ही 10 अगस्त को ओंकारेश्वर से आने वाली जय हिंदू राष्ट्र कावड़ यात्रा के माध्यम से मां नर्मदा का पावन जल चढ़ाया जाएगा। इस अनुष्ठान में मातृशक्ति की कावड़ यात्रा भी आएंगी। सवा लाख हनुमान चालीसा का पाठ भी श्री दादाजी भजन मंडल कैलाश जिन द्वारा समाज के माध्यम से किया जाएगा। उधर बैठक में ग्रामीण गठ नायकों की टोली बनाई है। इस मौके पर कुश पालीवाल, विशाल पासी गोपाल विश्वकर्मा, सोम्य माली, आकाश दुबे, शुभम वानखेड़े आशीष चौहान, हर्षित सिंह ठाकुर, हिमांशु सेन, बंटी ठाकुर, संदीप यादव, मुकेश सोलंकी, हरीश असवानी, टोनू कठोर, देवेंद्र राजावत, दिव्यांशु सोनी आदि मौजूद थे।

### नहर की खुदाई कर खेतों में पत्थर छोड़ गया ठेकेदार

**खंडवा।** ग्राम के खेतों में सिंचाई विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से अंडरग्राउंड नहर का काम करवा रही है। मानसून को देखते हुए ठेकेदार तेजी से काम कर रहा है। खेतों में नहर के खुदाई कर हाथोंहाथ पाइप भी डाल रही है लेकिन जमीन समतल नहीं की जा रही है। सहमति पत्र में स्पष्ट उल्लेख होने के बावजूद खुदाई का मलबा (पत्थर) नहीं हटवाए जा रहे। यह कार्य किसानों को अपने खर्च पर मजदूरों से कराना पड़ रहा है। किसानों ने बताया खरीफ सीजन की बोवनी सिर पर है। बारिश होते ही किसान बोवनी में जुट जाएंगे लेकिन खेतों में बिखरे पत्थर उनके लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। ठेकेदार तो पाइप डालकर दूसरी जगह चला गया लेकिन परेशानी किसानों को भोगना पड़ रहा है।

### देवास में अतिक्रमण हटाने गई टीम पर हुआ था हमला, घायल कर्मचारियों के उपचार की भी मांग

**देवास।** देवास में वनकर्मियों पर हुए हमले के आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की मांग की गई है। मध्य प्रदेश वन कर्मचारी संघ की जिला शाखा ने गुरुवार को इस संबंध में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। संघ ने हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी और घायल वनकर्मियों के उपचार का खर्च शासन द्वारा वहन करने की भी मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि यह घटना 13 जून को वन परिक्षेत्र जिनवानी की बीट कमलापुर में हुई थी। वन क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने पहुंचे वन अमले पर समीपस्थ ग्राम भील आमला और अन्य गांवों के अतिक्रमणकारियों ने घेराबंदी कर हमला कर दिया था। इस हमले में कई वनकर्मी घायल हो गए थे। वन कर्मचारी संघ ने मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और उन पर रासुका लगाई जाए। इसके अतिरिक्त, घायल कर्मचारियों के समुचित उपचार और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी अपील की गई है। यह ज्ञापन जिलाध्यक्ष सत्यनारायण निनामा के नेतृत्व में सौंपा गया। इस अवसर पर पूर्व प्रांताध्यक्ष निर्मल कुमार तिवारी, पेंशनर संघ अध्यक्ष गंगासिंह सोलंकी, संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह राजपूत, प्रांतीय महामंत्री हेमराज गोखल, शिवप्रतापसिंह, दिनेश बनेडिया, राजेन्द्रसिंह ठाकुर, राजेन्द्रसिंह चूण्डावत, प्रेम भिलाला, चंदन मंडलोई, संतोष मंडलोई, दिनेश मोदी सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में वन कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लोदिया में हरे-भरे विशाल आम के पेड़ पर चली कुल्हाड़ी, 20 क्विंटल लकड़ी जब्त

**शाजापुर।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बचाने के तमाम दावों के बीच शाजापुर जिले में लकड़ी माफिया बेखौफ होकर हरे-भरे पेड़ों का कत्ल कर रहे हैं। ताजा मामला लालघाटी थाना क्षेत्र के लोदिया इलाके का है, जहां एक विशाल और पुराने आम के पेड़ को काट दिया गया। हालांकि, समय रहते पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई के चलते लकड़ी की तस्करी विफल हो गई, लेकिन इस घटना ने जिले में धड़ल्ले से चल रहे लकड़ी के अवैध कारोबार और जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे मुखबिर से सूचना मिली थी कि लोदिया इलाके में एक बड़े आम के पेड़ की कटाई की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए लालघाटी थाना पुलिस और वन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी। टीम को 20 क्विंटल से अधिक आम की ताजी कटी हुई लकड़ी पड़ी मिली। घटनास्थल पर पांच लोग भी मौजूद पाए गए, जिनसे टीम ने प्रारंभिक पूछताछ कर आवश्यक जानकारी जुटाई है। वन विभाग ने मौके पर ही जब्ती का पंचनामा तैयार किया। चूंकि मामला राजस्व भूमि से जुड़ा हो सकता है, इसलिए आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए संबंधित दस्तावेज राजस्व विभाग को भेज दिए गए हैं।

### जेलेंस्की बोले- यूक्रेन जलेगा तो रूस भी जलेगा

# यूक्रेन ने रूस पर सबसे बड़ा ड्रोन अटैक किया, 1000 से ज्यादा ड्रोन, क्रूज मिसाइलें भी दागीं





ब्रह्मास्त्र ▸▸ मॉस्को/कीव

यूक्रेन ने गुरुवार को रूस पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रातभर में करीब 1,000 ड्रोन और चार क्रूज मिसाइलों को मार गिराया गया। इनमें करीब 200 ड्रोन राजधानी मॉस्को की तरफ बढ़ रहे थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा, हम यह युद्ध नहीं चाहते थे, लेकिन अगर यूक्रेन जलेगा तो मॉस्को भी जलेगा।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक हमले में दक्षिणी रोस्तोव क्षेत्र का एक ऑयल डिपो धमाके से तबाह हो गया। यहां मौजूद एक व्यक्ति की मौत हो गई। मॉस्को की कपोतन्या ऑयल रिफाइनरी पर भी हमला हुआ। विस्फोट के बाद ऑयल डिपो टैंक का ढक्कन कई मीटर ऊपर उछल गया और आसमान में काले धुएं के गुबार छा गए।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पास के एक शॉपिंग सेंटर में भी आग लग गई। ड्रोन का मलबा गिरने से कुछ रिहायशी और व्यावसायिक इमारतों को नुकसान पहुंचा। कई ऊंची इमारतों को खाली कराया गया। हमले के बाद मॉस्को के हवाई अड्डों पर कुछ समय के लिए उड़ानों पर रोक लगाई गई।

मॉस्को की कपोतन्या ऑयल रिफाइनरी पर हमले के बाद ऑयल डिपो के टैंक का ढक्कन कई मीटर तक हवा में उछल गया।

### जेलेंस्की बोले- हमने रूस के हमले का जवाब दिया

जेलेंस्की ने मॉस्को पर हमले को पिछले हफ्ते कीव पर रूस की कार्रवाई का जवाब बताया। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी सेना ने उन ठिकानों को निशाना बनाया, जो रूस के युद्ध अभियान को सहारा दे रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि अब समय आ गया है कि रूस युद्ध खत्म करने के लिए कूटनीतिक रास्ता अपनाए। उन्होंने यूक्रेन की विभिन्न सैन्य और खुफिया एजेंसियों की कार्रवाई की तारीफ भी की। हमले के समय रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन कजान में दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के नेताओं के साथ शिखर बैठक में मौजूद थे। उन्होंने यूक्रेन के इस हमले पर अभी तक कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# 2023 से रूसी राजधानी पर ड्रोन हमले बढ़े

**2022 में युद्ध शुरू होने के बाद यूक्रेन के ड्रोन हमले सीमित थे। 2023 में पहली बार उसके ड्रोन मॉस्को तक पहुंचे**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ यूक्रेन



अब यूक्रेन लंबी दूरी तक हमला करने में सक्षम हो गया है, जबकि रूस ने भी राजधानी के चारों ओर मजबूत एयर डिफेंस तैनात कर रखा है। इस वजह से युद्ध अब सिर्फ फ्रंटलाइन तक सीमित नहीं रहा। दोनों देश तेल डिपो, रिफाइनरी और दूसरे रणनीतिक ठिकानों को निशाना बना रहे हैं।

मॉस्को पर बड़े हमले के बीच जी7 देशों ने यूक्रेन के लिए सैन्य मदद बढ़ाने का ऐलान किया है। संगठन ने कहा कि यूक्रेन को ज्यादा एयर डिफेंस सिस्टम, इंटरसेप्टर और लंबी दूरी के हथियार दिए जाएंगे। इसके अलावा रूस के तेल और गैस कारोबार पर प्रतिबंध और सख्त किए जाएंगे। जी7 देशों ने सर्दियों से पहले यूक्रेन की बिजली और ऊर्जा जरूरतों के लिए भी अतिरिक्त मदद देने का भरोसा दिया है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्हें लगा था कि रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म कराना आसान होगा, लेकिन दोनों देशों के बीच गहरी दुश्मनी ने बातचीत को मुश्किल बना दिया है।

उन्होंने कहा कि उनकी वोलोदिमिर जेलेंस्की और व्लादिमिर पुतिन दोनों से अच्छी बातचीत हुई है और वह इस युद्ध का अंत देखना चाहते हैं। इससे पहले यूक्रेन ने 17 मई को भी रूस के कई इलाकों पर 1000 से ज्यादा ड्रोन से हमला किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हुई थी। इसमें 1 भारतीय भी शामिल था।

रूस में भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की थी। दूतावास के मुताबिक 3 भारतीय घायल भी हुए थे। रूस के अधिकारियों ने बताया था कि ड्रोन हमले में मॉस्को में तीन लोगों की मौत हुई, जबकि यूक्रेन सीमा से लगे बेलगोरोद इलाके में एक और व्यक्ति की जान गई। मॉस्को में कुल 12 लोग घायल हुए। इनमें तेल रिफाइनरी में काम करने वाले मजदूर भी शामिल हैं।

यूक्रेन ने मॉस्को में सैन्य और ईंधन से जुड़े अहम ठिकानों को निशाना बनाया था। इनमें एंगस्ट्रेम प्लांट शामिल है, जो रूस की सेना के लिए सेमीकंडक्टर बनाता है। इसके अलावा मॉस्को ऑयल रिफाइनरी, सोलनेचनोगोर्स्क और वोलोडास्कोर्ये ईंधन स्टेशन को भी निशाना बनाया गया।

### बेकाबू घोड़ागाड़ी से गिरकर भारतीय युवक की मौत,

अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित सेंट्रल पार्क में घोड़ा-गाड़ी दुर्घटना में 18 वर्षीय भारतीय पर्यटक रोमांच महाजन की मौत हो गई। बुधवार दोपहर करीब 3 बजे घोड़ा अचानक बेकाबू होकर दौड़ पड़ा, जिससे गाड़ी पलट गई और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रोमांच महाजन तीन अन्य यात्रियों के साथ घोड़ा-गाड़ी में सवार थे। ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन (ळहव) के अनुसार, गाड़ी चालक यात्रियों की तस्वीर लेने के लिए कुछ देर के लिए गाड़ी से दूर गया था। इसी दौरान घोड़ा बेकाबू होकर दौड़ पड़ा। हादसे के दौरान दो यात्रियों ने चलती गाड़ी से छलांग लगा दी। रोमांच गाड़ी से गिर गए और उनके सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। अन्य यात्रियों ने उपचार लेने से इनकार कर दिया। घटना के बाद सेंट्रल पार्क की घोड़ा-गाड़ी व्यवस्था पर फिर सवाल उठने लगे हैं। हाल ही में एक अन्य घोड़ा काम के दौरान गिरकर मर गया था। सेंट्रल पार्क कंजर्वेंसी ने इस हादसे को सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर चेतावनी बताते हुए घोड़ा-गाड़ी सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने और 'राइडर्स लॉ' को लागू करने की मांग की है।

# ट्रम्प बोले- ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका

## हमने टारगेट से ज्यादा हासिल किया, 60 दिन में समझौता नहीं हुआ तो



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने इस युद्ध में अपने तय लक्ष्यों से भी ज्यादा हासिल किया है।

फ्रांस में जी7 समिट से इतर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रम्प ने कहा कि ईरान का नेतृत्व अब पहले जैसा नहीं रहेगा और वह आगे अलग तरीके से व्यवहार करेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका चाहता तो युद्ध जारी रख सकता था, लेकिन आर्थिक तबाही से बचने के लिए शांति का रास्ता चुना।

ट्रम्प ने चेतावनी दी कि अगर अगले 60 दिनों में अंतिम समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका फिर से ईरान पर बमबारी शुरू कर देगा। उन्होंने कहा, हम कभी नहीं चाहेंगे कि ईरान के पास परमाणु हथियार हो। जरूरत पड़ी तो दोबारा हमला करेंगे।

ईरान और ओमान ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी। दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों के पालन और क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने पर जोर दिया।

डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर इजराइल हिजबुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई में आम लोगों की मौत नहीं रोक पा रहा है, तो सीरिया यह जिम्मेदारी संभाल सकता है।

ईरानी संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि सिर्फ ईरान में संघर्ष रुकना काफी नहीं है। उन्होंने मांग की कि लेबनान समेत सभी मोर्चों पर युद्ध खत्म हो और इजराइली सेना दक्षिणी लेबनान से पीछे हटे। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि मौजूदा सहमति अंतिम मंजिल नहीं, बल्कि नई शुरूआत है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का दूसरा चरण पहले से ज्यादा मुश्किल होगा और स्थायी शांति के लिए सभी पक्षों को लगातार प्रयास करने होंगे। ट्रम्प ने कहा कि वह अगले कुछ दिनों में अमेरिका-ईरान समझौते का पूरा दस्तावेज सार्वजनिक करेंगे। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो प्रेस कॉन्फ्रेंस कर समझौते को शब्द-दर-शब्द पढ़कर भी सुनाएंगे, ताकि उसकी सही जानकारी सामने आ सके।

**अमेरिका-ईरान समझौते में 300 अरब डॉलर की मदद पर कई शर्तें-** अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ईरान के लिए प्रस्तावित 300 अरब डॉलर (करीब 25 लाख करोड़ रुपये) की आर्थिक सहायता सीधे अमेरिका नहीं देगा। यह धन मुख्य रूप से ईरान के पड़ोसी देशों द्वारा निवेश के रूप में आएगा। उदाहरण के तौर पर, पड़ोसी देश ईरान में कारखाने और अन्य परियोजनाएं स्थापित कर सकते हैं।



### अमेरिका-ईरान के बीच 14 पॉइंट का ड्राफ्ट समझौता

(अमेरिकी मीडिया CNN के मुताबिक)

- सभी मोर्चों पर युद्ध खत्म करेंगे। सैन्य कार्रवाई नहीं करेंगे।
- एक-दूसरे की संप्रभुता का सम्मान करेंगे और आंतरिक मामलों में दखल नहीं देंगे।
- 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते पर बातचीत पूरी करने की कोशिश करेंगे।
- अमेरिका समुद्री नाकाबंदी हटाकर 30 दिनों में सामान्य आवाजाही बहाल करेगा।
- ईरान 30 दिनों में होर्मुज में व्यापारिक जहाजों की आवाजाही सामान्य करेगा।
- अमेरिका और उसके सहयोगी ईरान के पुनर्निर्माण के लिए 300 अरब डॉलर का फंड बनाएंगे।
- अमेरिका, ईरान पर संयुक्त राष्ट्र, IAEA और अपने प्रतिबंध हटाने की दिशा में काम करेगा।
- ईरान कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा।
- अंतिम समझौते तक ईरान परमाणु कार्यक्रम में बदलाव नहीं करेगा, अमेरिका नए प्रतिबंध नहीं लगाएगा।
- अमेरिका ईरानी तेल, पेट्रोकेमिकल उत्पादों और संबंधित सेवाओं को छूट देगा।
- ईरान की फ्रीज संपत्तियां और धनराशि जारी की जाएगी।
- समझौते के पालन की निगरानी के लिए विशेष तंत्र बनाया जाएगा।
- आर्थिक राहत और समुद्री यातायात बहाल होने के बाद बाकी मुद्दों पर बातचीत होगी।
- अंतिम समझौते को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंजूरी मिलेगी।

# मोदी ने ट्रम्प से कहा- भारतीय नाविकों की सुरक्षा महत्वपूर्ण




ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को कहा- जब तक मैं प्रेसिडेंट हूं, व्हाइट हाउस में मोदी का हमेशा अच्छा दोस्त मौजूद रहेगा। अगर भारत या मोदी पर हमला होता है और मोदी लीडर होंगे तो हम उनकी मदद करेंगे।

उन्होंने मोदी की तारीफ करते हुए कहा- जब तक मोदी लीडर हैं, इंडिया हर फील्ड में बड़ा रोल निभाएगा। मोदी शांत और जबरदस्त नेता हैं, लेकिन मैं मोदी की तरह नहीं हूं। वहीं ट्रम्प के साथ द्विपक्षीय बैठक में मोदी ने कहा कि समुद्र में भारतीयों की सुरक्षा जरूरी है। उम्मीद है कि ईरान के साथ डील में भारतीयों की सुरक्षा पक्की की जाएगी।

पीएम ने कहा कि होर्मुज खुला रहना जरूरी है। मैं वेस्ट एशिया में शांति की कोशिशों में ट्रम्प की लीडरशिप की तारीफ करता हूं। ट्रम्प के नेतृत्व में शांति की उम्मीद दिख रही है।

पीएम मोदी ने जी7 समिट में दोनों दिन होर्मुज स्ट्रेट में भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा उठाया। उन्होंने समिट के पहले दिन मंगलवार को आउटरीच सेशन में कहा था कि इस अहम समुद्री मार्ग में कई भारतीयों ने जान गंवाई है और वैश्विक व्यापार को जोड़ने वाले नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी देशों की जिम्मेदारी है। मोदी ने बुधवार को समिट में कहा कि वेस्ट एशिया में संकट की वजह से फ्यूल, फर्टिलाइजर और फूड सप्लाई चेन में आई रुकावटों का असर ग्लोबल साउथ (दक्षिणी देशों) पर काफी समय तक रहेगा। मोदी ने कहा- अंतरराष्ट्रीय एकजुटता मजबूत करने के लिए कमजोर देशों को संकटों का बोझ अकेले नहीं उठाना चाहिए। कई देशों की आबादी बूढ़ी हो रही है, जबकि भारत और ग्लोबल साउथ के देशों में युवा प्रतिभा और कौशल की कमी नहीं है।

वर्किंग सेशन में बुधवार को जब ट्रम्प देरी से पहुंचे तो सभी उनकी तरफ देख रहे थे। ट्रम्प कुछ देर चले और रुककर मजाक में कहा- आई एम द बॉस। इसके बाद सभी हंसने लगे। समिट में 14 देशों के नेताओं ने भाग लिया। आज समिट का दूसरा दिन है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वर्किंग लंच स्टेटमेंट में पीएम मोदी की तारीफ की। ट्रम्प ने कहा कि मोदी शांत, कूल और जबरदस्त इंसान हैं, लेकिन वह मोदी की तरह नहीं हैं।

### होर्मुज में 46 जहाजों पर हमला, 6 भारतीयों की मौत

घटनाओं का टाइमलाइन

- **1 मार्च** — स्काईलाइट जहाज पर अमेरिकी हमले में 2 भारतीय क्रू मेंबर्स की मौत, नाम जारी नहीं हुए।
- **1 मार्च** — एमकेडी व्योम जहाज पर एक ड्रोन हमले के बाद इंजन रूम में धमाका, दीक्षित सोलंकी की मौत।
- **18 अप्रैल** — भारतीय झंडे वाले सुपरटैंकरों सनमार हेराल्ड और जग अन्नपूर्णा पर ईरानी सेना ने फायरिंग की, किसी की मौत नहीं।
- **8 जून** — ईरान जा रहे जहाज एमटी मैरीवेक्स पर अमेरिकी फाइटर जेट ने मिसाइल दागकर इसे बेकार कर दिया, किसी की मौत नहीं।
- **9 जून** — एमटी सेट्रेटेबेलो पर अमेरिकी सैन्य हमले के कारण इंजन रूम में धमाका हुआ, आदित्य शर्मा, शिवानंद चौरसिया और पटनाला सुरेश की मौत।
- **11 जून** — एमटी सेलेस्टियल पर सेकेंड ऑफिसर निशांत की मौत, युद्ध की वजह से इमरजेंसी मेडिकल हेल्प नहीं मिल पाई।




नोट: ईरान युद्ध के दौरान होर्मुज में 14 देशों के 46 जहाजों पर हमले हुए।
स्रोर्स- UN, द गार्जियन, ओमान न्यूज एजेंसी और अन्य मीडिया रिपोर्ट्स

■ वर्ष-12 अंक-226 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

आतुरे व्यसने प्राप्ते दुर्भिक्षे शत्रुसण्कटे।
राजद्वारे श्मशाने च यात्तिष्ठति स बान्धवः ॥

**भावार्थ** : जब कोई बीमार होने पर, असमय शत्रु से घिर जाने पर, राजकार्य में सहायक रूप में तथा मृत्यु पर श्मशान भूमि में ले जाने वाला व्यक्ति सच्चा मित्र और बन्धु है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 19 जून, 2026

## इदानीं टीएमसी-नेतृणां तर्कः अस्ति यत् केन्द्रीय-संस्थानां उपयोगः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

इदानीं टीएमसी-नेतृणां तर्कः अस्ति यत् केन्द्रीय-संस्थानां उपयोगः राजनैतिक-प्रयोजनार्थं क्रियते। विपक्षस्य राजनैतिकलाभं दातुं केन्द्रीयसंस्थाभिः विशिष्टनेतारः लक्षिताः भवन्ति इति दलस्य आरोपः अस्ति। पश्चिमबङ्गदेशे भतीघोटालाः विगतकेषु वर्षेषु राजनैतिककानूनीविमशानां केन्द्रे एव सन्ति। शिक्षकनियुक्तिघोटालेन आरब्धस्य अन्वेषणस्य विस्तारः अधुना विविधसरकारी-अर्धसरकारीनियुक्तिषु अपि अभवत्। न्यायालयैः अपि अनेकप्रसङ्गेषु कठोरनिरीक्षणं कृतम्, पारदर्शितायाः, निष्पक्षतायाः च आवश्यकतायाः उपरि बलं दत्तम्। फलतः नगरपालिकानियुक्तिघोटाले अन्वेषणं राज्यप्रशासनस्य राजनैतिकसंस्थायाः च विश्वसनीयतायाः विषयत्वेन।

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पञ्च यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम्॥

**भावार्थ** : जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय, और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए।

## सम्पादकीयम्

### अमेरिकी-ईरान-शान्ति-सौदाः

अमेरिकी-ईरान-शान्ति-सौदाः : अमेरिकी-ईरान-सम्झौतेः उपराष्ट्रपतिः वैन्सः 'मूल्यांकनं कार्येषु आधारितं भविष्यति, न तु वचनेषु'। इरान्-देशेन सह नूतनसम्झौतेः रक्षणं कुर्वन् अमेरिकी-उपराष्ट्रपतिः जे.डी.वैन्सः अवदत् यत् तस्य सफलता इरान्-देशस्य आचरणस्य उपरि निर्भरं भविष्यति इति। सः स्पष्टीकरोति यत् यदि इरान् स्वप्रतिबद्धानां सम्मानं न करोति तर्हि सम्झौतेः लाभं न लप्स्यते। अमेरिकी उपराष्ट्रपतिः जे.डी. सीबीएन न्यूज इत्यस्य साक्षात्कारे वैन्स् इत्यनेन टिप्पणी कृता यत् अस्य सम्झौतेः सर्वोत्तमः पक्षः अस्ति यत् एतत् केवलं शब्देषु एव सीमितं नास्ति। सः स्पष्टं कृतवान् यत् इदानीं इराणस्य मूल्याङ्कनं तस्य आचरणस्य कार्यस्य च आधारेण भविष्यति, न तु तस्य वाक्पटुतायाः आधारेण। इरान्-देशे निर्दोष-आन्दोलनकारिणां वधेन राष्ट्रपतिः ट्रम्पः सम्पूर्णं प्रशासनं च अतीव व्याकुलाः इति वैन्सः अवदत्। कतिपयेभ्यः मासेभ्यः पूर्वं सत्ताधारिभिः आन्दोलनकारिभिः सह अतीव कठोरव्यवहारः कृतः इति सः अवलोकितवान्। वैन्स् इत्यस्य मते ते पूर्वनेतारः अधुना सत्तायाः बहिः सन्ति। इदानीं अमेरिका द्रष्टुम् इच्छति यत् इरान्-देशस्य नूतनं नेतृत्वं स्वजनस्य प्रति भिन्नं व्यवहारं करोति वा इति। उपराष्ट्रपतिः आशां प्रकटितवान् यत् नूतननेतृत्वेन सुधारः भविष्यति।

### ग्रामजनाः स्वस्य सेतुः निर्मान्ति; वार्ता श्रुत्वा

## राजनेतारः भ्रमणं कुर्वन्ति, स्थायी कलवर्टस्य कृते आश्वासनं दत्तम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बीजापुर



छत्तीसगढस्य बीजापुरमण्डलस्य एकस्मात् दूरस्थवनक्षेत्रात् आत्मनिर्भरतायाः, सामुदायिकैकतायाः, जनसहभागितायाः च प्रेरणादायकं उदाहरणं उद्भूतम् अस्ति, यत् विकासस्य, मूलभूतसुविधानां च विषये प्रचलति वादविवादानाम् मध्ये ध्यानं आकर्षयति। कोयैतपाल-डोग्रीपारा-पेड्डाकोडेपालग्रामपञ्चायतस्य अन्तर्गतं ग्रामस्य निवासिनः स्वयमेव दीर्घकालीनसंपर्कस्य विषयस्य समाधानं कृतवन्तः, सर्वकारीयसहायतायाः प्रतीक्षां विना। प्रायः २०० ग्रामजनाः प्रवाहितधारायां अस्थायीकाष्ठसेतुनिमार्णार्थं सामूहिकस्वैच्छिकश्रमं कृतवन्तः, येन मानसूनऋतौ ग्रामस्य पूर्णतया कटनस्य जोखिमः महत्त्वपूर्णतया न्यूनीकृतः

अयं क्षेत्रः मूलभूतसुविधानां अभावेन चिरकालात् संघर्षं कुर्वन् अस्ति। ग्रामजनानां कथनमस्ति यत् स्वातन्त्र्यस्य दशकानां अनन्तरम् अपि स्वग्रामं प्रति प्रवेशार्थं स्थायी कलवर्टः न निर्मितः। प्रतिवर्षं मानसूनकाले धाराः, लघुनद्यः च प्रफुल्लिताः भवन्ति स्म, येन प्रभावीरूपेण ग्रामस्य बहिः जगतः सह सम्बन्धः विच्छिन्नः भवति स्म। स्थितिः एतावता भयंकरः भविष्यति यत् बालशिक्षायाः दुःखं भवति स्म-तेषां विद्यालयं गन्तुं बाध्यं भवति स्म-तथा तु रोगिणां, वृद्धानां, गर्भिणीनां च चिकित्सालयं प्रति परिवहनं खतरनाकं कार्यं भवति स्म

स्थानीयनिवासिनां मते वर्षाऋतौ जनानां अत्यावश्यककार्यं कर्तुं दीर्घाः कठिनमार्गाः गन्तव्याः आसन्। प्रायः प्रबलप्रवाहाः तान् घण्टाभिः प्रतीक्षितुं बाध्यन्ते स्म। यद्यपि ग्रामजनाः वषार्णां यावत स्थायीसमाधानस्य आग्रहं कुर्वन्ति स्म तथापि यदा समये आधिकारिकव्यवस्थाः न साकाराः अभवन् तदा ते स्वयमेव उपक्रमं कर्तुं निश्चयं कृतवन्तः।

मानसूनस्य तीव्रता, वषार्णां आरम्भात् पूर्वं ग्रामजनाः सभां कृत्वा सामूहिकस्वैच्छिकश्रमद्वारा परियोजनां कर्तुं संकल्पं कृतवन्तः। तदनन्तरं प्रायः २०० ग्रामजनाः-युवकाः, वृद्धाः, महिलाः च सहकार्यं कृत्वा काष्ठं, वेणुः, अन्येषां स्थानीयसंसाधनानाम् उपयोगेन नालिकायां दृढं अस्थायीसेतुं निर्मितवन्तः दिवसान् यावत परिश्रमस्य अनन्तरं सम्पन्नः अयं सेतुः ग्रामजनानां कृते राहतं प्राप्तवान्, येन पूवार्पेक्षया दैनिकयानं महत्त्वपूर्णतया सुलभं जातम्। ग्रामजनाः एतत् न केवलं सेतुरूपेण, अपितु स्वस्य सामूहिकबलस्य, आत्मनिर्भरतायाः च प्रतीकरूपेण पश्यन्ति।

ते अवलोकितवन्तः यत् यदि ते सर्वकारीयसहायतां प्रतीक्षन्ते स्म तर्हि पुनः वर्षाऋतौ तानि एव पुरातनानि कष्टानि सहन्ते स्म। फलतः ते स्वसम्पदां श्रमं च सङ्गृह्य एतत् समाधानं कल्पितवन्तः।

ग्रामजनानां उपक्रमस्य वार्ता क्रमेण क्षेत्रे प्रसृता। तत् ज्ञात्वा अनेके जनप्रतिनिधिः राजनैतिककार्यकर्तारः च ग्रामं गतवन्तः। के.जी. सुधाकर (भाजपा जिला सोशल मीडिया समन्वयक), संदीप तेलम (अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष), तथा जितेन्द्र तेलम (सहसंयोजक) ने ग्रामवासियों के प्रयासों की प्रशंसा करने के लिए स्थल पर जाकर गये। ते सेतुस्य निरीक्षणं कृत्वा ग्रामजनानां चिन्तानां विषये पृष्टवन्तः। ग्रामजनाः प्रतिनिधिभ्यः व्याख्यातवन्तः यत् अस्थायीसेतुः यद्यपि तत्कालं राहतं ददाति तथापि दीर्घकालीनसमाधानार्थं स्थायी कलवर्टः अत्यावश्यकः।

### अभियुक्तः विवाहस्य

## आश्वासनं बहुवारं दत्तवान्, तस्मात् सा तस्य वञ्चने पतति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

शिकायतया उल्लेखितम् अस्ति यत् अभियुक्तः मार्च २०२५ तः जून २०२६ पर्यन्तं तस्याः यौनशोषणं निरन्तरं कृतवान्। सा महिला कथयति यत् यदा सा विवाहसम्बद्धं दबावं कर्तुं आरब्धा तदा अरविन्दमहौरः तस्याः विवाहं कर्तुं सपाटतया अङ्गीकृतवान् अपि च, तस्याः परिवारेण सह विरोधं कृत्वा पुलिसशिकायतां वा कृत्वा भयंकरं परिणामं भविष्यति इति धमकी दत्ता।

पीडिता अन्वेषणपुलिसं कतिपयान् अङ्गीयसाक्ष्याणां विषये सूचनां अपि प्रदत्तवती अस्ति। सूत्रानुसारं युवती स्वस्य मोबाईलफोने एतादृशानि भिडियो इत्यादीनि सामग्रीनि सन्ति इति दावान् करोति यत् तस्याः आरोपस्य प्रमाणं कर्तुं शक्नोति। एतेषां कथितानां भिडियानां अन्येषां च इलेक्ट्रॉनिकसाक्ष्याणां परीक्षणं पुलिसैः क्रियते। अधिकारिणः वदन्ति यत् एकवारं तस्याः प्रामाणिकता सत्यापितं जातं चेत् अङ्गीयसामग्री अन्वेषणे समाविष्टा भविष्यति।

स्वस्य शिकायतया युवती अन्यं गम्भीरं आरोपं कृतवती यत् यथा यथा विवाहवार्ता प्रगच्छति तथा तथा अभियुक्तः अधिकारी स्वपरिवारस्य उपस्थितौ प्रायः पञ्चकोटिरूप्यकाणां नगदं दातुं आग्रहं कृतवान् अन्ये केचन शर्ताः अपि निर्धारिताः, येषु परिवारः आक्षेपं कृतवान्। अस्य पक्षस्य अपि अन्वेषणं पुलिसैः क्रियते। ज्ञातव्यं यत् अरविन्दमहौरः पूर्वं विवादेषु उलझितः अस्ति। एकस्याः महिलायाः प्रति तस्य कथितं दुराचारं दर्शयति इति एकः भिडियो सामाजिकमाध्यमेषु वायरल् अभवत्। तदनन्तरं प्रशासनिककार्याणि कृत्वा सः निलम्बितः, यद्यपि पश्चात् तस्य विषये पृथक् अन्वेषणं कृतम्। वर्तमान प्रकरणे पुलिसेन औपचारिकशिकायतां पञ्जीकृत्य युवतीयाः वक्तव्यस्य उपलब्धानां प्रारम्भिकसाक्ष्याणां च आधारेण अभियुक्तं अधिकारीं गृहीतम्।

## राशिफल

**मेष** : आज रचनात्मकता से करियर को लाभ मिलेगा, धन के लिए जागरूकता की आवश्यकता होगी।

**वृषभ** : इनोवेशन भरा दिन है। सोच और क्लियर स्ट्रैटजी बनाने से बातचीत और परियोजनाओं को लाभ मिलता है।

**मिथुन** : क्रिएटिव स्ट्रैटजी और सावधानी के साथ की गई प्लानिंग सुरक्षा बनाने में मदद करती है। हर डिसीजन जिम्मेदारी के साथ लें।

**कर्क** : खुद की देखभाल आपके स्वास्थ्य को सपोर्ट करती है। बिजनेस में भी लाभ मिलेगा।

**सिंह** : आपकी पॉजिटिव एनर्जी पर्सनल और प्रोफेशनल सफलताओं का मार्ग प्रशस्त करती है।

**कन्या** : साथी से बिना शर्त प्यार करें और रिश्ते को बरकरार रखें। सर्वश्रेष्ठ व्यावसायिक लाभ प्राप्त करने के लिए प्रयास करें।

**तुला** : भावनाओं में बहकर ज्यादा खर्च करने से बचें। काम ठीक से होता रहेगा, ज्यादा टेंशन लेने की जरूरत नहीं है।

**वृश्चिक** : ऑफिस में चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें। आपका स्वास्थ्य भी अच्छी स्थिति में रहेगा।

**धनु** : सच्चाई और उद्देश्य प्रेरित करते हैं, जिसका उपयोग रिसर्च करने, या योजना बनाने के माध्यम से काम करने के लिए करें।

**मकर** : जब तक आप टास्क करने के लिए तैयार न हों, तब तक अपनी योजनाओं को गुप्त रखें।

**कुंभ** : क्रिएटिविटी से समृद्ध दिन होगा। चुनौतियों के लिए पॉजिटिव दृष्टिकोण रचनात्मक परिणामों का मार्ग प्रशस्त करता है।

**मीन** : आत्मविश्वास से भरे निर्णय लेने से विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। काम चलता रहेगा, लेकिन उम्मीद ज्यादा न रखें।

## ज्योतिष/वास्तु

# 22 जून तक इन राशि वालों की चमकेगी किस्मत, करियर-निवेश और परीक्षा में मिलेंगे शानदार परिणाम

ज्योतिषियों के अनुसार 22 जून तक बुधादित्य और भद्र राजयोग का शुभ साया कुछ राशियों पर बना रहेगा। इसके प्रभाव से धन लाभ और मान-सम्मान में वृद्धि संभव है।



ज्योतिष गणना के मुताबिक, वर्तमान समय में ग्रहों की विशेष स्थिति बनी हुई है, जिससे कुछ राशियों को लाभ संभव है। दरअसल, इस समय सूर्य देव और बुध देव मिथुन राशि में विराजमान हैं, जिससे बुधादित्य राजयोग का निर्माण हो रहा है। चूंकि बुध अपनी स्वराशि मिथुन में स्थित हैं, इसलिए उनका प्रभाव और भी कई गुना बढ़ा हुआ है और इसी वजह से शक्तिशाली भद्र राजयोग भी बन रहा है। ज्योतिष गणना के अनुसार, 22 जून को दोपहर 3 बजकर 9 मिनट पर बुध ग्रह मिथुन से कर्क में प्रवेश करेंगे, जिसके बाद इन शुभ योगों का प्रभाव समाप्त हो जाएगा। ऐसे में 22 जून 2026 तक कुछ राशियों पर इन राजयोगों की विशेष कृपा बनी रह सकती है। आइए जानते हैं किन राशियों को मिल सकता है बड़ा लाभ।

**मिथुन राशि–** मिथुन राशि वालों को धन लाभ हो सकता है कार्यक्षेत्र से जुड़ी परेशानियां समाप्त हो सकती है। आपको मनचाही यात्रा करने का अवसर इस समय प्राप्त हो सकता है। ज्योतिषियों की मानें, तो यह शुभ योग आपकी ही राशि में बन रहा है, इसलिए इसका सबसे सकारात्मक असर आपको मिल सकता है। करियर में नई उपलब्धियां हासिल हो सकती हैं। मिथुन राशि वालों को इस समय सबसे ज्यादा बिजनेस में आगे बढ़ने के सुनहरे अवसर मिलेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा और प्रतियोगी क्षेत्रों में अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है।

**सिंह राशि–** सिंह राशि वालों के लिए समय अपनी किस्मत को चमकाने के समान माना जाएगा। दरअसल, सूर्य का प्रभाव आपके सम्मान में वृद्धि करेगा और सिंह राशि वालों के लिए नए अवसर सामने आएंगे। खास बात यह है कि, धन लाभ के नए रास्ते खुल सकते हैं। करियर में तरक्की के संकेत हैं। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होने के योग हैं। आपकी मनचाहे व्यक्ति से मुलाकात के भी योग बनेंगे। निवेश से अच्छा रिटर्न देखने को आपको मिलेगा।

**धनु राशि–** धनु राशि वालों को इस अवधि में मनचाहे परिणाम मिल सकते हैं। नौकरी के लिए प्रयास कर रहे थे, तो अब परिणाम पक्ष में मिलने की अधिक संभावनाएं हैं। आत्मविश्वास में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। इसके अलावा नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां या नौकरी को लेकर कोई अच्छी खबर मिल सकती है। निवेश से लाभ संभव है। इस समय धनु राशि के लोग दोस्तों के साथ अचानक घूमने-फिरने का प्लान बना सकते हैं।

### इंग्लैंड टीम के फुटबॉल वर्ल्डकप बेस के पास फायरिंग, 4 दिन पहले गाड़ी से समान चोरी हुआ था

# एक की मौत, 4 घायल, हमलावर फरार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कैनसस सिटी

फुटबॉल वर्ल्ड कप में इंग्लैंड टीम के बेस से 15 मिनट की दूरी पर फायरिंग से एक की मौत और 4 लोग घायल हो गए हैं। अमेरिका के कैनसस सिटी में 22 साल के ऑस्कर सांचेज-मुनोज को घटना का दोषी पाया गया है। हालांकि आधे घंटे के अंदर चार फायरिंग करने के बाद आरोपी फरार है।

पुलिस के मुताबिक मंगलवार रात चार अलग-अलग शूटिंग की गई। इन घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हुए हैं। आरोपी के खिलाफ एक लाख डॉलर का वारंट भी जारी किया गया है। इससे पहले 6 जून को भी इंग्लैंड के बेस कैंप से 6 मील दूर फायरिंग हुई थी।

**इंग्लैंड टीम के बेस के पास हुई घटना–** गोलीबारी की एक घटना प्रॉस्पेक्ट एवेन्यू इलाके में हुई, जो इंग्लैंड टीम के ट्रेनिंग बेस स्वोप सॉकर विलेज से लगभग 15 मिनट की दूरी पर है। इंग्लैंड की टीम कोच थॉमस टुखेल की अगुआई में टीम यहीं अभ्यास कर रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, टीम को उसके होटल से ट्रेनिंग ग्राउंड तक भारी पुलिस सुरक्षा के बीच ले जाया जा रहा है। क्रोएशिया पर 4-2 की जीत के बाद इंग्लैंड टीम कैनसस सिटी लौट चुकी है। रिजर्व खिलाड़ियों का एक बंद दरवाजों के पीछे अभ्यास मैच भी निर्धारित है।



#### घर में आग लगी, लेकिन आरोपी नहीं मिला

पुलिस को सूचना मिली थी कि ऑस्कर सांचेज-मुनोज इंडिपेंडेंस इलाके के एक घर में छिपा हुआ है। इसके बाद कई घंटों तक घर की घेराबंदी की गई। कार्रवाई के दौरान मकान में आग लग गई। आग बुझने के बाद पुलिस ने घर की तलाशी ली, लेकिन आरोपी वहां नहीं मिला। हालांकि उसकी कार मौके से बरामद हुई है। इसके बाद पूरे इलाके में तलाशी अभियान और तेज कर दिया गया।

#### पुलिस बोली- गिरफ्तारी के करीब हैं

कैनसस सिटी पुलिस प्रमुख स्टेसी ग्रेव्स ने कहा, अगर कोई इस व्यक्ति को देखे तो तुरंत 911 पर कॉल करे। हम आरोपी के बेहद करीब हैं और उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लेंगे।

**अर्जेंटीना मैच जा रहे फैंस को ले जा रहा उबर ड्राइवर भी घायल–** रिपोर्ट्स के अनुसार, गोलीबारी की घटनाओं में एक उबर ड्राइवर भी घायल हुआ, जो अर्जेंटीना के मैच के लिए जा रहे प्रशंसकों को लेकर जा रहा था। इससे वर्ल्ड कप के दौरान शहर की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। इसी बीच गोलीबारी की घटनाओं के बाद शहर में एक कार दुर्घटना और एक मौत की घटना भी सामने आई। पुलिस पूरे मामले को जोड़कर जांच कर रही है।

**इंग्लैंड टीम का समान चोरी हुआ था–** यह घटना ऐसे समय में हुई है जब इंग्लैंड टीम हाल ही में एक चोरी की वारदात का भी सामना कर चुकी है। 14 जून को फ्लोरिडा से ट्रेनिंग बेस भेजे जा रहे सामान को रास्ते में निशाना बनाया गया था। चोरी हुए सामान में जॉर्डन पिकफोर्ड के फुटबॉल बूट्स, साइन की हुई इंग्लैंड जर्सियां, ट्रेनिंग किट, वर्ल्ड कप फुटबॉल, स्पीकर और अन्य सामान शामिल थे। बाद में इनमें से अधिकांश सामान बरामद कर लिया गया।

## विमेंस टी-20 वर्ल्डकप में न्यूजीलैंड और आयरलैंड मैच आज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ साउथम्पटन

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में शुक्रवार को न्यूजीलैंड का सामना आयरलैंड से होगा। यह मैच साउथम्पटन में रात 11 बजे से खेला जाएगा। ग्रुप-इ में शामिल दोनों टीमें ने अब तक दो-दो मुकाबले खेले हैं और दोनों मैच गंवाए भी हैं। यह मैच जीतने वाली टीम पॉइंट्स टेबल में अपना खाता खोलेगी। हारने वाली टीम के लिए सेमीफाइनल में पहुंचना मुश्किल हो जाएगा।

ग्रुप-बी में इंग्लैंड अपने दोनों मुकाबले जीतकर 4 पॉइंट्स के साथ टेबल के टॉप है। 2-2 पॉइंट्स के साथ स्कॉटलैंड दूसरे, वेस्टइंडीज तीसरे और श्रीलंका चौथे स्थान पर है। न्यूजीलैंड और आयरलैंड आखिरी दो पायदान पर हैं। बेहतर नेट रन रेट की वजह से न्यूजीलैंड पांचवें और आयरलैंड छठे स्थान पर है। विमेंस टी-20 इंटरनेशनल में दोनों टीमों ने अब तक 4 मैच खेले हैं। इन सभी मुकाबलों में न्यूजीलैंड ने जीत दर्ज की है। हालांकि न्यूजीलैंड को पिछले मैच में ही श्रीलंका ने पहली बार वर्ल्ड कप में हराया था। न्यूजीलैंड के लिए बैटिंग में सूजी बेट्स ने टी-20 में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।

### 83वें मिनट में पेनल्टी से बराबरी की

## फुटबॉल वर्ल्डकप में साउथ अफ्रीका ने चेक से ड्रॉ खेला



ब्रह्मास्त्र ▸▸ अटलांटा

अटलांटा में खेले गए फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप-ए मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने चेक रिपब्लिक के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। मैच के 5वें मिनट में मिखाल सादिलेक ने गोल कर चेकिया को बढ़त दिलाई, लेकिन 83वें मिनट में मिले पेनल्टी मौके को टेबोहो मोक्वेना ने गोल में बदलकर साउथ अफ्रीका की हार टाल दी।

**5वां मिनट:** अलेक्जेंडर सोज्का के पास पर मिखाल सादिलेक ने गोल कर चेकिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। यह टूर्नामेंट का अब तक का सबसे तेज गोल रहा।

**83वां मिनट:** पावेल सुल्क के हैंडबॉल के कारण साउथ अफ्रीका को पेनल्टी मिली। टेबोहो मोक्वेना ने गेंद को गोलपोस्ट के निचले बाएं कोने में भेजकर स्कोर 1-1 कर दिया।

**मैच में खास–** चेकिया ने शुरूआती बढ़त लेने के बावजूद दूसरा गोल नहीं किया और इसका खामियाजा उसे बराबरी के रूप में भुगतना पड़ा। साउथ अफ्रीका के कप्तान टेबोहो मोक्वेना ने येलो कार्ड मिलने के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया और टीम को अहम अंक दिलाया।

## खबर एक नजर...

### रिक्शा चालक ने 9 साल की बालिका को मारी टक्कर

**उज्जैन।** लोहे का पुल क्षेत्र में रहने वाली 9 साल की बालिका बेनजीर पिता सलमान परिवार के साथ बाजार से घर लौट रही थी। उसी दौरान घर से कुछ दूरी पर तेजगति से आये ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। बालिका घायल हो गई, जिसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले की सूचना मिलने पर महाकाल थाना पुलिस ने अज्ञात रिक्शा चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों से उसकी तलाश की जा रही है। विदित हो कि शहर में ई-रिक्शा की संख्या 35 से 40 हजार पहुंच चुकी है। जिसका संचालन कई नाबालिग भी कर रहे है। इनकी बढ़ती संख्या के चलते आये दिन दुर्घटना के मामले सामने आ रहे है। यही नहीं रिक्शा पलटने की घटनाएं भी हो रही है। यातायात पुलिस रिक्शा की बढ़ती संख्या पर अंकुश नहीं लगा पा रही है।

### लोडर वाहन के नीचे दबने से बिहार के मजदूर की मौत

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धूलमहू में बुधवार-गुरूवार रात एमकेसी इंफ्रा लिमिटेड प्लांट पर काम करने वाले बिहार के मजदूर अवधेश कुमार पिता स्व. रमायन मुखिया 23 साल निवासी ग्राम पडरोन जिला पश्चिमी चंपारण बिहार की दर्दनाक मौत हो गई। थाना एसआई दौलतसिंह रावत ने बताया कि मजदूर प्लांट पर काम कर रहा था। उसी दौरान प्लांट के लोडर वाहन क्रमांक यूके 07 एफवी 6906 के चालक विक्रम ने तेजगति से रिवर्स लिया। जिसके चलते पिछले पहिये के नीचे दबने से अवधेश की मौत हो गई। मामले में मर्ग कायम कर चालक को हिरासत में लिया गया है। वाहन जप्त कर मर्ग कायम कर मृतक का शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। बिहार से परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### पानी गिरने पर बीयर की बॉटल से किया हमला

**उज्जैन।** ग्राम पानबिहार में शराब दुकान पर शंकरलाल पिता बद्रीलाल बागरी शराब पीने पहुंचा था। जहां रोशन पिता दिनेश जोशी भी शराब पी रहा था। इस दौरान शंकरलाल ने शराब पीने के लिये पानी की बोतल खोली। जिसका पानी रोशन पर गिर गया। इसी बात पर दोनों में विवाद शुरू हो गया। रोशन ने बीयर की बॉटल से हमला कर दिया। सिर में चोंट लगने से शंकरलाल घायल हो गया। मामला घट्टिया थाने पहुंचने पर रोशन ने आरोप लगाया कि उस पर पानी फेंका गया और गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं शंकरलाल का कहना था कि गलती से पानी गिरा था। उस पर बीयर की बॉटल से हमला किया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ क्रॉस प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### पवन चक्की लगाने की बात पर विवाद में फोड़ी कार

**उज्जैन।** बड़नगर थाना क्षेत्र के खोप दरवाजा पर गोपाल पिता राजेन्द्रसिंह सोलंकी निवासी ग्राम जाफला और केशव पिता धीरज यादव निवासी बदनावर नरोड के बीच पवन चक्की लगाने की बात पर विवाद हो गया। गोपाल ने अपने साथियों के साथ केशव के साथ मारपीट की और कार में तोड़फोड़ कर नुकसान करते हुए जान से मारने की धमकी दी। केशव ने भी अपने साथियों के साथ गोपाल और उसके साथी नेपालसिंह को पीट दिया। दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।

### करंट का झटका लगते ही कृषक की गिरने से मौत

**उज्जैन।** ग्राम दोंता जागीर में रहने वाला कृषक धन्नालाल पिता दत्ताजी 50 साल गुरूवार शाम अपने खेत पर गया था। जहां पानी की मोटर चालू करते समय खुले तारों से करंट का जोरदार झटका लगा और गिर गया। जमीन पर फर्शी रखी थी, जिसका एक सिरा सिर में लगा और खून बहने लगा। परिवार उन्हे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया, लेकिन चोंट गहरी और करंट का झटका जोरदार लगने से उनकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा है। कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी गई है। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### उमस ने बढ़ाई बैचेनी, तापमान में आई कमी

**उज्जैन।** मानसून की दस्तक से पहले हवा की गति 10 से 12 किलोमीटर प्रतिघंटा हो गई है। जिसके चलते तापमान में गिरावट आ रही है। गुरूवार को अधिकतम 38 डिर्ग्री दर्ज किया गया। इससे पहले बुधवार-गुरूवार न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री रहा था। हवा की गति बढ़ने और तापमान में गिरावट आने पर गर्मी से राहत मिली है, लेकिन उमस बढ़ गई है। गुरूवार को आसमान में बादल भी छाये लेकिन कुछ देर बाद धूप निकल आई। माना जा रहा है कि मानूसन के सक्रिय होने से पहले प्री मानसून की बारिश हो सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 380-1 | 157-3 |
| मेन बाजार | 478-9 | 790-6 |
| मिलन डे | 380-1 | 268-6 |
| मिलन नाइट | 346-3 | 247-3 |

1 4 0

**अंतर्राज्यीय गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्त में, रिमांड पर पूछताछ**

# सायबर ठगी की राशि से खरीदते थे गोल्ड क्वाइन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सायबर ठगी की राशि का उपयोग फर्जी नाम से गोल्ड क्वाइन खरीदने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 3 सदस्यों को माधवनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों के तार दिल्ली से जुड़े होना सामने आये है। गुरूवार दोपहर को कोर्ट में पेश कर 21 जून तक पुलिस रिमांड पर लिया गया। एक टीम दिल्ली रवाना की जा रही है।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि माधवनगर थाना क्षेत्र के घासमंडी चौराहा पर डीपीके गोल्ड शोरूम से कथित अनुराग कहार ने 6 ग्राम गोल्ड क्वाइन की खरीदी की गई थी। जिसका भुगतान 95 हजार क्यूआर कोड के माध्यम से किया गया था। कुछ दिनों बाद गोल्ड शोरूम का बैंक खाता होल्ड हो गया। पता चला कि सायबर ठगी की राशि का ट्रांजेक्शन हुआ है। शोरूम के प्रबंधक ने मामले की शिकायत 6 जून को माधवनगर थाना पुलिस को दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने टीम बनाई और सायबर सेल की मदद से पड़ताल शुरू की। शोरूम के सीसीटीवी कैमरों को देखा गया, तकनीकी साक्ष्यों के माध्यम से तथ्यों को खंगाला। यहीं नहीं अलग-अलग क्षेत्रों के कैमरों को खंगाला गया। जिसके आधार पर पता चला कि गोल्ड क्वाइन की खरीदी करने वाले सखीपुरा स्थित हीरा पैलेस में ठहरे है। पुलिस टीम ने दबिश देकर तीनों को हिरासत में लिया। जिनके नाम पूछताछ में कशिश पिता सुनील बढानी 29 साल, राहुल पिता अरूण गुप्ता 26 साल और अनिमेश उर्फ अनुराग पिता अभय वर्मा 21 साल निवासी नर्मदापुरम सामने आये।

तीनों बताया कि सायबर ठगी की राशि से गोल्ड क्वाइन की खरीदी की गई थी। एसपी के अनुसार तीनों से खरीदे गये गोल्ड क्वाइन, खरीदी के बिल, मोबाइल, आईडी कार्डस बरामद किये गये है। प्रारंभिक पूछताछ में तीनों के एमबीए तक की पढ़ाई करना करना सामने आया है। उनका दिल्ली के कुछ लोगों से संपर्क हुआ था। जिसके बाद ज्वेलर्स की दुकानों जाकर सायबर ठगी की राशि से गोल्ड क्वाइन की खरीदी शुरू कर दी। दिल्ली के लोगों की गिरफ्तारी के लिये एक टीम रवाना की जा रही है।



#### बायनेंस एप से देते थे ट्रेडिंग का झांसा

माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि तीनों आरोपियों से पता चला कि बायनेन्स एप के माध्यम से यूएसडीटी ट्रेडिंग कर बाजार मूल्य से ज्यादा राशि में डालर सेल किया जाता था। इनके साथी अन्य राज्यों लोगों को मोबाइल अपडेट करने के नाम पर फर्जी लिंक भेजते थे। लिंक पर क्लिक करने के बाद मोबाइल री-स्टार्ट होता था और इसी दौरान पीड़ितों के बैंक खातों से राशि निकाल ली जाती थी। ठगी की गई राशि सीधे ज्वेलर्स के क्यूआर कोड पर ट्रांसफर कर गोल्ड क्वाइन खरीदी जाती थी। बाद में उक्त गोल्ड को बाजार में बेचकर नकद राशि प्राप्त कर साइबर ठगी की रकम को वैध बनाने का काम किया जाता था। तीनों को 21 तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

#### उज्जैन 4 ज्वेलर्स से खरीदा गोल्ड

बताया जा रहा है कि तीनों आरोपी 9 दिनों से उज्जैन में ठहरे हुये थे। इस दौरान 5 जून को राजस्थान के नागौर स्थित मोहम्मद नासिर के साथ 2.88 लाख से अधिक की ठगी कर महावीर ज्वेलर्स से 91 हजार से अधिक का गोल्ड खरीदा। 6 जून को पंजाब के सासनगर स्थित सुरिन्दरसिंह के साथ 95 हजार की ठगी कर डीपीके ज्वेलर्स से गोल्ड क्वाइन और 9 जून को उत्तरप्रदेश स्थित गाजियाबाद के मनोज कुमार से 99 हजार की ठगी कर महेश्वरी ज्वेलर्स से 92 हजार के गोल्ड की खरीदी की।

# तलवार की नोंक पर दुष्कर्म करने वाले को उम्रकैद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

तलवार की नोंक पर महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले ढाबा संचालक को 21 माह बाद न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। महिला आने पुरूष मित्र के साथ ढाबे पर खाना खाने पहुंची थी।

माकडोन थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला 15 सितंबर को महिदपुर के पास घड़ी वाले बाबा के दर्शन करने गई थी। जहां से वापस पुरूष मित्र के साथ लौटते समय रात 10 बजे के लगभग दोनों माकडोन थाना क्षेत्र से 500 मीटर दूर लाखन पिता गंगाराम गुर्जर के ढाबे पर खाना खाने पहुंचे। कुछ देर बाद दोनों खाना खाकर काउंटर पर रुपए देने से पहुंचे तो ढाबा संचालक लाखन ने रुपए लेने से इंकार कर दिया और रात रूकने की बात कहकर संबंध बनाने का दबाव डालने लगा। दोनों ने मना किया तो महिला के पुरूष मित्र के साथ थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की और तलवार निकल ली। पुरूष मित्र डरकर भाग निकला। लाखन ने तलवार की नोंक पर महिला के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। अपने साथ हुई घटना की शिकायत रात में महिला द्वारा माकडोन थाना पुलिस को दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में एससीएसटी एक्ट के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर ढाबे पर दबिश दी। आरोपी भाग निकला था। जिसकी तलाश में टीम गठित की गई और आरोपी को ग्राम झिरन्या उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीप सिंह भदौरिया ने बताया कि 21 माह चली सुनवाई पूरी होने के बाद एसटीएसटी एक्ट विशेष न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को दोषी करार दिया और उम्रकैद की सजा से दंडित किया। प्रकरण में शासन की ओर से प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन अधिकारी राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के मागदर्शन में ईश्वर सिंह केलकर विशेष लोक अभियोजक द्वारा पैरवी की गई।

**ट्रेक्टर ने छिनी बाइक सवार 2 भाईयों की जिंदगी**

# भतीजा गंभीर घायल, उज्जैन आते वक्त हादसा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बाइक सवार 2 भाईयों की गुरूवार दोपहर ट्रेक्टर ने जिंदगी छिन ली। दुर्घटना में दोनों भाईयों को भतीजा गंभीर घायल हुआ है। शुक्रवार सुबह एक को कोतवाली चौकी और दूसरे का माधवनगर थाना पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

तराना तहसील के ग्राम बरंडवा में रहने वाले 2 भाई पीरूलाल पिता अमराजी मथौलिया 80 साल और भागीरथ मथौलिया 72 साल गुरूवार को उज्जैन में रहने वाले रिश्तेदार के यहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिये भतीजे अभिषेक पिता रामस्वरूप के साथ बाइक से आ रहे थे। विजयागंज मंडी क्षेत्र के ग्राम मुंडला से गुजरते समय अचानक ट्रेक्टर चालक ने रफ्तार से स्टेरिंग घूमा कर मोड़ने का प्रयास किया। तीनों बाइक सवार ट्रेक्टर की चपेट में आ गये। उन्होने चरक अस्पताल लाया गया, लेकिन एक भाई पीरूलाल की मौत हो चुकी थी। दूसरे भाई भागीरथ और भतीजे अभिषेक की हालत गंभीर होने पर चरक अस्पताल पहुंचे परिजन उन्हे उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां कुछ घंटे बाद भागीरथ ने भी दम तोड़ दिया। अभिषेक का उपचार चल रहा है। 2 भाईयों की मौत से पूरे परिवार के साथ गांव में गम का माहौल फैल गया। शुक्रवार को पीरूलाल का कोतवाली पुलिस चौकी और भागीरथ का माधवनगर थाना पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया जायेगा।




#### हमेशा साथ रहते थे दोनों भाई

दुर्घटना की सूचना मिलने पर परिवार अस्पताल पहुंच गया था। दोनों की मौत के बाद मृतक पीरूलाल के पुत्र रामस्वरूप ने बताया कि पिता और चाचा हमेशा साथ रहते थे। उनमें भाईचारे के साथ दोस्ताना रिश्ता था। रिश्तेदारी में साथ आते जाते थे। पिता पीरूलाल किसानी करते थे। चाचा बिजली विभाग में लाइनमेन के पद से रिटायर्ड थे। दोनों का एक साथ निधन हो गया। परिवार से बुजुर्गो का साया उठ गया। रामस्वरूप ने बताया कि पुत्र अभिषेक की हालत डॉक्टरों ने खतरे से बाहर बताई है। बाइक वहीं चला रहा था। ट्रेक्टर चालक शराब के नशे में होना सामने आया है।

**उज्जैन के युवक की बीना में मिली लाश**

# परिवार को कॉल कर कहा धोखा हुआ, मर रहा हूं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रेमिका का जन्मदिन होने पर रीवा गये उज्जैन के युवक ने परिवार को कॉल कर कहा कि धोखा हुआ है, मर रहा हूं। परिवार शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचे। वहीं गुरूवार को खबर मिली कि बीना रेलवे ट्रेक पर उसकी लाश मिली है। परिवार बीना रवाना हो गया।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि कैलाश एम्पायर में रहने वाला परिवार बुधवार देर शाम थाने आया था और बताया कि अरमान पिता स्व. राकेश पंवार 15 जून को रीवा में गर्लफ्रेंड का जन्मदिन होने पर गया था। दूसरे दिन कॉल कर कहा कि मेरे साथ धोखा हुआ है, और मर रहा हूं। परिवार ने उससे बात की और समझाने का प्रयास किया। लेकिन वह 17 जून तक वापस नहीं लौटा। परिवार ने लिखित में शिकायत बताई और मोबाइल नम्बर दिया। अरमान के मोबाइल पर पुलिस ने संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन नम्बर बंद होना सामने आया। इस बीच गुरूवार सुबह खबर मिली कि अरमान बीना में ट्रेन से गिर गया और उसकी मौत हो गई है। परिवार बीना के लिये रवाना हो गया। थाना प्रभारी के अनुसार अरमान की पोस्टमार्टम रिपोर्ट और बीना पुलिस की कार्रवाई के बाद आगे की जांच शुरू की जायेगी। इस बात का पता लगाया जायेगा कि अरमान की गर्लफ्रेंड कही ब्लैकमेल तो नहीं कर रही थी। उसकी किसी ओर से दोस्ती तो नहीं है।

**उज्जैन हॉस्टल में थी गर्लफ्रेंड-** बताया जा रहा है कि रीवा की रहने वाली गर्लफ्रेंड भी उज्जैन में पढ़ाई कर रही है और हॉस्टल में रहती है। गुरूवार को परिवार हॉस्टल पहुंचा। गर्लफ्रेंड हॉस्टल में होना सामने आई। परिवार उसे लेकर माधवनगर थाने आ गया और आरोप लगाने लगा। पुलिस ने मामला शांत किया और जांच का आश्वासन दिया।

#### परिवार तलाशता रहा, गड्ढे में मिली पुत्र की लाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रेलवे स्टेशन परिसर से बुधवार शाम मजदूर परिवार का 4 वर्षीय पुत्र लापता हो गया। परिवार तलाशता करता रहा। कुछ देर बाद शंका होने पर समीप पानी से भरे गड्ढे में देखा। मासूम की लाश उसमें होना सामने आई।

मांडव का रहने वाला सिंघाडे परिवार मजदूरी के लिये अहमदाबाद गया था। जहां से बुधवार को ट्रेन से शाम को उज्जैन लौटा। परिवार के 6 सदस्य स्टेशन परिसर माल गोदाम के पास रूक गये और भोजना बनाने की तैयारी करने लगे। इस दौरान परिवार का 4 वर्षीय पुत्र अल्लू पिता नाना सिंघाडे खेलते समय लापता हो गया। परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। काफी देर तक तलाश करने पर नहीं मिला तो परिसर में रोपवे के लिये खोद गये पानी से भरे गड्ढे में गिरने की आशंका जताई गई। मासूम के पिता गड्ढे में उतरा और खोजबीन करने लगा। उसी दौरान मासूम पुत्र का शव मिला। उसे चरक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गुरूवार सुबह जीआरपी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। जीआरपी घटनाक्रम का पता लगाने के लिये परिसर में लगे कैमरों के फुटेज देख जांच शुरू करेगी।

# सिंहस्थ-2028 : निर्माण से जुड़े यंत्रियों ने सीखा सुरक्षा की प्राथमिकता, क्षमता संवर्धन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों में सुरक्षा को प्राथमिकता देने हेतु आईआईटी मुंबई के साथ प्रशिक्षण आयोजित हुआ है। निमार्णाधीन विकास कार्यों के लिए महत्वपूर्ण पहल के तहत सिंहस्थ से संबंधित विभिन्न निर्माण एवं अधोसंरचना कार्यों में सुरक्षा मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कंस्ट्रक्शन सेफ्टी कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन गुरुवार को किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप और निदेर्शानुसार सिंहस्थ की तैयारियों को अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीषसिंह एवं जिला कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा किए जा रहे नवाचारों की श्रृंखला में यह आयोजन किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा भी उपस्थित रहे।

**संवाद से सुरक्षा तक रहे सत्र-** प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई के विषय विशेषज्ञों द्वारा अत्यंत सहभागितापूर्ण एवं संवादात्मक सत्रों का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न गतिविधियों, समूह चचाओं तथा व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को निर्माण सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान की गई।विशेषज्ञों द्वारा निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर मौके पर ही सुरक्षा मानकों, संभावित जोखिमों तथा उनके निराकरण के उपायों के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया गया।विशेषज्ञों ने बताया कि निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल किसी एक अधिकारी या एजेंसी की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि कार्यस्थल से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। प्रशिक्षण में रिफ्लेक्टिव जैकेट, सुरक्षा हेलमेट एवं अन्य व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) के अनिवार्य उपयोग पर विशेष बल दिया गया। रात्रिकालीन कार्यों के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की आवश्यकता पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के अभियंताओं ने सक्रिय रूप से सहभागिता करते हुए सुरक्षा से संबंधित गतिविधियों में भाग लिया तथा निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

**राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम खुरचनिया प्रताप महुडीपुरा रोड पर**

# खेत किनारे मिली खून से सनी महिला-पुरूष की लाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम खुरचनिया प्रताप महुडीपुरा रोड पर गुरूवार दोपहर 2 खेत की मेड़ के बीच महिला-पुरूष की खून से सनी लाश मिलने पर हडकंप मच गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का सामने आया। फिलहाल दोनों के परिवार से पूछताछ की जा रही है। संभावना है कि जल्द मामले का खुलासा हो सकता है।

**प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का, परिजनों से पूछताछ जारी**

राघवी थाना पुलिस को दोपहर 12.40 बजे के लगभग कुछ लोगों ने सूचना देकर बताया कि ग्राम खरचुलिया प्रताप महुडीपुरा रोड पर अम्बाराम और अमर के खेत के बीच बनी मेड़ महिला और पुरूष की लाश पड़ी है, पुरूष के शव से लगी बाइक भी गिरी हुई है। थाना प्रभारी विरेन्द्र बंदेवार टीम के साथ मौके पर पहुंच गये। मामला प्रारंभिक तौर पर काफी संगीन सामने आया। अनुविभागीय अधिकारी जेडेन लिंगजेरपा भी घटनास्थल आ गये। जांच के फारेंसिक टीम को बुलाया गया। इस दौरान पता चला कि दोनों के सिर पर वजनी वस्तु से वार किया गया है। सिर में गंभीर चोंट लगने से दोनों की मौत हुई है। पुलिस ने पहचान के प्रयास शुरू किये। कुछ देर में सामने आया कि पुरूष कालूराम पिता पर्वतलाल वर्मा और महिला मंजू पति राधेश्याम शर्मा है। दोनों ग्राम बेलाखेड़ा के रहने वाले है। कालूराम अविवाहित था, महिला शासकीय विद्यालय में मध्यान्ह भोजन बनाने का काम करती है। पुलिस ने दोनों के परिजनों को घटनास्थल बुलाया और शवों को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल दोनों के परिजनों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी यह भी सामने आये है कि मृतक महिला-पुरूष के बीच प्रेम प्रसंग था। जिसकी पुष्टि के प्रयास पुलिस द्वारा परिवार से किये जा रहे हैं।





#### हत्या में 4 से 5 लोगों के होने का शक

राघवी थाना पुलिस के अनुसार जिस तरह से घटनास्थल और घटनाक्रम सामने आया है, उससे आशंका है कि दोनों पर बाइक से गुजरते समय हमला किया गया है। हमले में लोहे का सब्बल या फिर टॉमी का उपयोग किया गया है। दोनों के सिर पर कई वार किये गये और हमला करने वालों का मकसद जान से मारने का था। हमलावरों की संख्या 4 से 5 हो सकती है। घटनास्थल पर विवेचना के दौरान बारिश शुरू हो गई थी, बावजूद पुलिस सभी बिंदूओं पर जांच कर साक्ष्य एकत्रित करने का प्रयास करती रही।

#### इनका कहना

प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजे गये है। रिपोर्ट आने पर आगे की विवेचना शुरू की जायेगी। दोनों मृतकों के परिजनों से पूछताछ की जा रही है। जल्द घटनाक्रम स्पष्ट किया जायेगा।

**विरेन्द्र बंदेवार, थाना प्रभारी राघवी**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com